**रोहतक**
मंगलवार 26 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 30, अंक : 111
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 46.2
न्यून. 23.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 जोकोविच रिकॉर्ड 22वीं बार खेल रहे हैं फ्रेंच ओपन, पहुंचे दूसरे दौर में

## खबर संक्षेप

### हरियाणा में 28 मई को होगी ईद की छुट्टी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ईद-उल-जुहा (बकरीद) के अवसर पर घोषित राजपत्रित अवकाश की तिथि में संशोधन किया है। अब बुधवार, 27 मई, 2026 के स्थान पर गुरुवार, 28 मई, 2026 को सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, शैक्षणिक एवं अन्य सरकारी संस्थानों में राजपत्रित अवकाश रहेगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि 28 मई, 2026 को घोषित ईद-उल-जुहा (बकरीद) का अवकाश परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 25 के अंतर्गत भी मान्य होगा। *ब्यूरो*

### पहले कनाडा में कैफे पर अब कपिल के घर फायरिंग



**अमृतसर।** कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा के अमृतसर स्थित घर के बाहर सोमवार को फायरिंग होने की खबर आई। इससे पहले कनाडा में उनके कैफे पर भी फायरिंग होने की खबरें आई थी। कपिल के परिवार से जुड़े सूत्रों ने दावा किया कि हमलावर बाइक पर आए और 2 राउंड फायरिंग करके भाग गए। अभी तक हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। एसीपी कमलजीत सिंह औलख ने कहा- गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। *एजेंसी*

### मधु लिंचिंग केस में 12 दोषियों को उम्रकैद

**तिरुवनन्तपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को 2018 के अट्टापडी मधु लिंचिंग केस में 12 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने इस मामले को ऐसी भीड़ हिंसा बताया, जिसमें एक आदिवासी युवक का शिकार किया गया और सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में जस्टिस ए राजा विजयराघवन और जस्टिस के वी जयकुमार शामिल थे। कोर्ट ने पहले आरोपी को बरी कर दिया, जबकि 16वें आरोपी की सजा में बदलाव किया है। बाकी 12 दोषियों की सजा बढ़ाकर उम्रकैद कर दी गई। *एजेंसी*

### आज 45 मिनट बंद रहेंगी यूपीआई

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ग्राहकों के लिए डाउनटाइम अलर्ट जारी किया है। शेड्यूल मेंटेनेंस के कारण 26 मई को तड़के 1:45 से 2:30 बजे तक (कुल 45 मिनट) कई प्रमुख डिजिटल सेवाएं बाधित रहेंगी। इस दौरान ग्राहक अन्य सेवाओं का उपयोग कर पाएंगे।
बैंक ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए असुविधा के लिए खेद जताया है। इस डाउनटाइम के दौरान ग्राहक यूपीआई (बिना इंटरनेट लेनदेन) और एटीएम सेवाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं। *एजेंसी*


*निर्मला सीतारमण ने माना, अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव*

# 3 एफः फॉरेक्स, फर्टिलाइजर और फ्यूल ने बढ़ाई दिक्कत

- पश्चिम एशिया के संकट के कारण बढ़ रही हैं कीमतें
- तमाम चुनौतियों के बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत
- सोने की बढ़ती कीमतें पैदा कर रही चुनौतियां, विदेशी मुद्रा के संरक्षण पर ध्यान देने की भी जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कहा कि मौजूदा ग्लोबल परिस्थितियों को देखते हुए हमें 3 एफ यानी फ्यूल, फर्टिलाइजर और फॉरेक्स (विदेशी मुद्रा भंडार) पर फोकस करने की जरूरत है। मुंबई में सिडबी (एसआईडीबीआई) के 37वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कही। वित्त मंत्री ने उन आलोचकों पर निशाना साधा जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील के बाद देश में निगेटिव माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत डर का माहौल बनाना बर्दाश्त नहीं कर सकता है और इस समय लोगों को भरोसा देना बेहद जरूरी है।





### पेट्रोल-डीजल पर ड्यूटी घटने से एक लाख करोड़ का घाटा

सीतारमण ने कहा कि भारत की नीतियों को घरेलू विकास को सुरक्षित रखने के हिसाब से तैयार किया गया है। सरकार के पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) में कटौती करने के फैसले से रेवेन्यू में 1 लाख करोड़ का घाटा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

### क्रूड और फर्टिलाइजर की कीमतें बढ़ीं

वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि कच्चे तेल (क्रूड) की बढ़ती कीमतों के अलावा फर्टिलाइजर की कीमतें भी ऐसे स्तर पर पहुंच गई हैं, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। इसके साथ ही सोने की ऊंची कीमतें भी बाहरी मोर्चे पर कुछ चुनौतियां पैदा कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीएम मोदी ने इसी संदर्भ में देश से किफायत बरतने की अपील की थी।

**देश में निगेटिव माहौल बनाना गलत**

सीतारमण ने कहा कि कुछ निगेटिव बातें करने वाले लोग इस स्थिति में कूद पड़े हैं और यह दावा कर रहे हैं कि सब कुछ बिखर रहा है, जोकि बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि आम लोगों द्वारा किए जा रहे सभी अच्छे कामों को भुला दिया जाता है और एक निराशावादी, संशयवादी नैरेटिव तैयार किया जाता है। हमें यह समझना होगा कि चुनौतियां बाहरी कारणों से हैं, जबकि भारत की घरेलू आर्थिक स्थिति आज भी सकारात्मक और मजबूत है।

### पेट्रोल 2.61 व डीजल 2.71 रुपये महंगा

**चंडीगढ़।** तेल कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा कर दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 102.12 और डीजल की कीमत 95.20 हो गई है। वहीं, हरियाणा में पेट्रोल 103 प्रति लीटर पहुंच गया है, जो ऑल टाइम हाई है। वहीं, डीजल 2.70 रुपये प्रति लीटर महंगा होकर 95.66 पर पहुंच गया है। सिरसा में पेट्रोल सबसे ज्यादा 104.43 प्रति लीटर है। हरियाणा पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रधान संजीव चौधरी का कहना है कि अभी दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है, क्योंकि सरकार कुल 10 रुपये तक इसे बढ़ाना चाहती है। अभी पेट्रोल रेट कुल 7 रुपए 37 पैसे बढ़े हैं। हरियाणा पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रधान संजीव चौधरी ने बताया कि मिडिल ईस्ट तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर 10 और डीजल पर 10 रुपये की बढ़ोतरी करनी है। अभी सरकार की ओर से चार बार ही बढ़ोतरी हुई है, लेकिन आने वाले दिनों में फिर से एक या दो बार में ये तीन से चार रुपये की बढ़ोतरी कर कर सकती है।

- 11 दिन में चौथी बार बढ़े दाम, खाने पीनी की चीजे हो सकती हैं महंगी

# धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण



**हरमनप्रीत को पद्मश्री 66 हस्तियां सम्मानित**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में सोमवार को पद्म पुरस्कार दिए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनकी पत्नी एक्ट्रेस सांसद हेमा मालिनी ने यह सम्मान लिया। महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी लीडरशिप में इसी साल टीम ने वनडे वर्ल्डकप जीता था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। साल 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं। *(संबंधित पैकेज पेज-5 पर)*

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बांटे पद्म पुरस्कार
- राष्ट्रपति भवन में कार्यक्रम आयोजित
- 5 हस्तियों को पद्म विभूषण दिया गया
- शिबू सोरेन-अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से नवाजा

**लोहे की रॉड और चाकू से किया हमला**

# सोनीपत में सिक्योरिटी गार्ड ने की तीन लोगों की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली टीडीआई सिटी के बीपीएल फ्लैट्स में रविवार देर रात पड़ोस में ही रहने वाले एक निजी स्कूल के सुरक्षा गार्ड ने पहले एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ अभद्रता की और जब महिला ने इसका विरोध किया तो उसने लोहे की रॉड तथा धारदार हथियार से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान चीख-पुकार सुनकर महिला को बचाने के लिए आए पड़ोसी दंपती पर भी गार्ड ने हमला बोल दिया और उनकी भी निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।





महिला से छेड़छाड़ की, बगल में रहने वाले दपंति ने विरोध किया तो उन पर भी कर दिया हमला

उसकी पहचान ब्रह्मप्रकाश के रूप में हुई है, जो मूल रूप से झज्जर के जसौर खेड़ी गांव का रहने वाला है। ब्रह्मप्रकाश पड़ोस में गांव बड़ौली की रहने वाली 32 वर्षीय स्वाति के फ्लैट नंबर 1431 में घुस गया। आरोप है कि उसने महिला से छेड़छाड़ की और जबरदस्ती करने लगा। विवाहिता का शोर सुनकर फ्लैट नंबर एल-1299 में रहने वाले ट्रैक्सी ड्राइवर विजय (50) और उनकी पत्नी सुनीता (48) मौके पर पहुंचे। दोनों ने आरोपी का विरोध किया तो वह भड़क गया। लोहे की रॉड और तेजधार हथियार से हमला कर दिया। उसने पहले दोनों महिलाओं पर वार किए और फिर विजय की गर्दन पर चाकू मारा। हमले में स्वाति, विजय और सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई।

# गुलमर्ग रोपवे में तकनीकी खराबी 300 पर्यटक फंसे



- केबिन बीच में रुके तो मची चीख पुकार
- पर्यटकों को रस्सियों के सहारे निकाला गया बाहर

**श्रीनगर।** दुनिया के तीसरे सबसे ऊंचे गुलमर्ग केबल कार रोपवे (गुलमर्ग गोंडोला) पर सोमवार को तकनीकी खराबी आ गई। इससे रोपवे के सभी केबिन बीच में रुक गए। 300 से ज्यादा पर्यटक फंस गए, इनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हैं। कई पर्यटक घबराकर रोने और चिल्लाने लगे। घटना की सूचना मिलते ही श्रीनगर से स्पेशल रेस्क्यू टीमें मौके पर भेजी गई हैं। रोपवे पर 65 केबिनों (ट्रॉली) में से 10 को खाली करा लिया गया है। 6 घंटे के अभियान के बाद ज्यादातर लोगों को रस्सियों के सहारे नीचे उतारा। श्रीनगर और गुलमर्ग गोंडोला की दूरी 51 किमी है। सेना के साथ एसडीआरएफ-एनडीआरएफ टीमों ने भी बचाव अभियान चलाया।

**पेपर लीक में शीर्ष कोर्ट ने एनटीए को लगाई फटकार**

# पिछली गलती से आपने कोई सबक नहीं लिया : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- यह दुखद है कि एनटीए ने पहले हुए पेपर लीक मामले से कोई सबक नहीं लिया। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच सोमवार को फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन, यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूटीएफ) औरअन्य याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान उन्होंने कहा, यह मामला 2024 में भी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। तब एक कमेटी बनाई गई थी, जिसने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें स्वीकार भी किया गया था। कोर्ट ने निर्देश दिया कि एनटीए गुरुवार तक हलफनामा दाखिल करे और बताए कि 2024 में दिए गए निर्देशों और मॉनिटरिंग कमेटी की सिफारिशों पर क्या कदम उठाए गए। साथ ही केंद्र सरकार और सीबीआई से भी जवाब मांगा है।

**केंद्र सरकार और सीबीआई से भी मांगा जवाब**

### मनीषा हवलदार ने पैसों के लिए नीट पेपर लीक किया

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी पेपर लीक केस में पुणे से गिरफ्तार फिजिक्ट टीचर पर आरोप है कि उसने कुछ छात्रों के साथ पैसों के बदले परीक्षा से जुड़े सवाल और कंटेंट शेयर किया। सीबीआई ने पुणे कोर्ट को यह जानकारी दी थी। बाद में मनीषा को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में लाया गया। स्पेशल जज अजय गुप्ता ने उन्हें छह दिन की सीबीआई की कस्टडी में भेज दिया है। सीबीआई ने पूछताछ और बाकी आरोपियों से आमना-सामना कराने के लिए मनीषा की कस्टडी मांगी थी। सीबीआई ने हवलदार को 22 मई को गिरफ्तार किया था।

- सीबीआई ने पुणे कोर्ट को यह जानकारी दी

# हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 13-14 जून को

**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) की तारीखों की घोषणा कर दी है। परीक्षा का आयोजन 13 और 14 जून को होगा। बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार ने बताया कि इस बार कुल 2 लाख 45 हजार युवाओं ने एचटेट के लिए आवेदन किया है। प्रदेश में 820 एग्जाम सेंटर बनेंगे। यदि किसी छात्र ने अपनी ओएमआर (ओएमआर) शीट में 20 से ज्यादा प्रश्नों के उत्तर खाली छोड़े (यानी कोई विकल्प नहीं भरा), तो उस छात्र की पूरी परीक्षा को कैंसिल किया जाएगा। यह कदम संभावित हेराफेरी को रोकने के लिए उठाया गया है। एक और खास बात यह है कि जनगणना ड्यूटी वाले अध्यापकों की इस परीक्षा में ड्यूटी नहीं लगेगी।

**2.45 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे**

# अमेरिका-ईरान समझौते के लिए अब कतर में बातचीत

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची संभावित अमेरिका-ईरान समझौते पर बातचीत के लिए दोहा पहुंचे हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ हो रही बैठक में होर्मुज स्ट्रेट, ईरान के उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार और फ्रीज फंड्स पर चर्चा हो रही है। ईरानी केंद्रीय बैंक गवर्नर भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं। संभावित डील का मकसद क्षेत्रीय युद्ध खत्म करने और तनाव कम करने का रास्ता निकालना है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने को लेकर चल रही बातचीत सोमवार को धीमी पड़ गई। दोनों देशों के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंधों में राहत को लेकर सहमति नहीं बन सकी है। वहीं, ईरान ने दावा किया कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के पास दुश्मन के एक ड्रोन को मार गिराया है। इस बीच ट्रंप ने कहा कि या तो अच्छा समझौता होगा या कुछ भी नहीं। *(संबंधित खबर पेज-8 पर)*

**ईरानी नेता दोहा पहुंचे, परमाणु भंडार को लेकर फंसा है पेंच**

# प्रेमानंद की भक्तों से अपील मैं हमेशा आपके साथ रहूंगा



**वृंदावन (एजेंसी)।** वृंदावन के कथावाचक प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा और भक्तों के साथ होने वाली निजी भेंट को कुछ दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए बंद किया गया था। तबसे तमाम भक्त प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। अब प्रेमानंद महाराज के इंस्टाग्राम चैनल पर उनका एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने अपने भक्तों के लिए एक खास मैसेज छोड़ा है। इस वीडियो में प्रेमानंद महाराज ने लोगों से कहा कि बिल्कुल चिंता न करें। हम मिलें न मिलें। बोलें न बोलें। लेकिन, हम आप सबको बहुत प्यार करते हैं। हम चाहते हैं कि सबको श्री जी की कृपा प्राप्त हो और सब उनके चरणों तक पहुंचे। मैं सामने आऊं या न आऊं। इस बात की चिंता बिल्कुल नहीं करनी कि मेरा उत्थान कैसे होगा। मैं बिना बोले ही आपके दिमाग में रहूंगा। तुम वही सब करोगे जो गुरुदेव कहेंगे। जो जहां जिस सेवा में है, उसी सेवा में रहिएगा। बस नाम जप करते रहो। मैं रहूं या न रहूं। दिखूं या न दिखूं। लेकिन तुम्हारा मंगल जरूर होगा।

*कर्मचारियों को लेकर हाईकोर्ट के दो बड़े फैसले*

**राज्य ठेका मॉडल के नाम पर शोषण नहीं कर सकते**

# एक दशक से संविदा पर काम कर रहे कर्मचारी होंगे नियमित

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्षों से संविदा आधार पर कार्यरत हजारों कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने उन्हें नियमित करने का आदेश दिया है। जस्टिस संदीप मौदगिल की बेंच ने 104 से अधिक याचिकाओं पर एक साथ फैसला सुनाते हुए स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार संविदा व्यवस्था की आड़ में कर्मचारियों का अनिश्चितकाल तक शोषण नहीं कर सकती। अदालत ने यह भी कहा कि "वर्षों तक नियमित कार्य लेकर अस्थायी लेबल लगाना संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 21 की भावना के विपरीत है। मामले में नीरज रानी सहित विभिन्न याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि उन्हें प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख से नियमित किया जाए और सभी सेवा लाभ दिए जाएं।

> वर्षों तक अस्थायी रखकर नियमित काम लेना संविधान के खिलाफ

### पार्ट-टाइम कर्मियों को 3 लाख आर्थिक सहायता

सरकार ने अपनी अनुग्रह वित्तीय सहायता योजना का दायरा बढ़ाते हुए सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक उपक्रमों के दिवंगत अंशकालिक (पार्ट-टाइम) कर्मचारियों के परिवारों को भी 3 लाख रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब सरकार ने इस योजना में अंशकालिक कर्मचारियों को भी शामिल करने का निर्णय लिया है।

**केंद्र सरकार हर तीन महीने में रिपोर्ट दे, हम निगरानी करेंगे**

# सैनिटरी-नैपकिन, टॉयलेट कम होने से न छूटे लड़कियों की पढ़ाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन और लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट न होने के कारण उनकी पढ़ाई नहीं छूटनी चाहिए। कोर्ट ने केंद्र सरकार से 30 जनवरी के कोर्ट के फैसले को पूरी तरह लागू कराने को कहा। इस फैसले में कोर्ट ने स्कूलों में लड़कियों को फ्री सैनेटरी नैपकिन देने को कहा था। कोर्ट ने कहा कि वह मामले की प्रगति की निगरानी हर तीन महीने में करेगा। केंद्र को हर तीन महीने पर प्रोग्रेस रिपोर्ट दाखिल करनी होगी।

**30 जनवरी के फैसले को पूरी तरह लागू कराने का निर्देश दिया**



**फैसले का लाभ ज्यादा से ज्यादा छात्राओं तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए**

### यह महिलाओं और लड़कियों के हित में

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे से कहा, इस फैसले का अच्छा उपयोग कीजिए। केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि 30 जनवरी के फैसले के बाद सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस दिशा में प्रयास तेज हुए हैं। कोर्ट ने कहा कि फैसले का लाभ ज्यादा से ज्यादा छात्राओं तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

### केंद्र आगे भी राज्यों का मार्गदर्शन करे

बेंच ने पूछा कि क्या सभी राज्यों से नियमित डेटा जुटाया जा रहा है। केंद्र ने बताया कि पिछले लगभग दो से ढाई महीने का डेटा एकत्र किया गया है। केंद्र आगे भी राज्यों का मार्गदर्शन करे और समय-समय पर अनुपालन की जानकारी जुटाए। इसी बीच एक वकील ने अंतरिम आवेदन का जिक्र करते हुए कहा कि फैसले में इस्तेमाल किया गया ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन शब्द पर्यावरण के लिए नुकसानदेह हो सकता है।

### 15 अगस्त तक सभी राज्य रिपोर्ट सौंप दें

कोर्ट ने सभी राज्यों को 15 अगस्त तक अपनी स्थिति रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपने का निर्देश दिया। किसी भी राज्य की ओर से रिपोर्ट देने में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आगे की सभी अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने के लिए शिक्षा मंत्रालय को नोडल मंत्रालय बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास कार्य : गौतम

**चंडीगढ़।** खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे है। उन्होंने कहा कि पलवल शहर अब तेजी से विकास और आधुनिकता की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में शहर के प्रमुख और ऐतिहासिक स्थलों में शामिल महर्षि दयानंद चौक के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। यह परियोजना न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाएगी, बल्कि पलवल को एक नई और आधुनिक पहचान भी प्रदान करेगी।

### नागरिक अस्पतालों में मिल रहा सस्ता इलाज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में इलाज निजी अस्पतालों की तुलना में बहुत सस्ता है। सरकारी अस्पतालों में भर्ती और इलाज का खर्च काफी कम होता है, जिससे यह साफ होता है कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के लिए सस्ती और आसान हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कुछ मीडिया रिपोर्टों में राज्य में इलाज पर होने वाले आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च को लेकर दिए गए निष्कर्षों को गलत बताया है।

### सुरजेवाला ने की तेल के दाम बढ़ाने की निंदा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पेट्रोल-डीजल, सीएनजी और गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले 11 दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम चार बार बढ़ाए गए, जिससे जनता पर महंगाई की मार पड़ी है। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि कच्चे तेल की कीमतें घटने के बावजूद सरकार लगातार ईंधन महंगा कर रही है। उन्होंने कहा कि तेल कंपनियां भारी मुनाफा कमा रही हैं।


# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा चलाएगी सेवा का महाअभियान

■ पंचकूला में पार्टी संगठन की बैठक में निर्णय ■ 5 से 21 जून तक प्रदेशभर में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

केंद्र में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने प्रदेशभर में सेवा का महाअभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान 5 जून से 21 जून तक आयोजित होगा। इसकी रूपरेखा तय करने के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में संगठनात्मक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने की। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अभियान के तहत जनसंपर्क, जनकल्याण शिविर, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 8 से 12 जून तक मीडिया संवाद कार्यक्रम होंगे, जबकि 12 से 20 जून तक जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 5 जून को एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जाएगा और 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। भाजपा हर जिले में मोदी सरकार की उपलब्धियों से जुड़ी प्रदर्शनी भी लगाएगी।

■ मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान में चुनाव आयोग के सहयोग की अपील



#### पुस्तक का लोकार्पण

भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और भाई जी शुभम सिंघल द्वारा लिखित पुस्तक 'हमारा ध्येय पंच परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण' का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, सह प्रभारी सुरेंद्र नागर और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित वरिष्ठ नेताओं ने पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुस्तक राष्ट्र निर्माण का संदेश देगी।

## पुलिस भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण करने पहुंचे



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार सुबह पंचकूला स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम पहुंचे, जहां हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित पुलिस भर्ती प्रक्रिया के तहत चल रहे पीएमटीऔर फिजिकल टेस्ट में शामिल अभ्यर्थियों से उन्होंने सीधा संवाद किया। अभ्यर्थियों ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताई। उन्होंने सीएम के साथ सेल्फी भी ली।

### सीएम का खुलासा : बच्चों संग वृंदावन भी नहीं जा सके

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री ने पहली बार अपने बिजी शेड्यूल को लेकर परिवार से नहीं मिल पाने का खुलासा किया है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान सीएम सैनी ने कहा, मुख्यमंत्री बनने के बाद उनका अधिकांश समय जनता, बैठकों और कार्यक्रमों में गुजरता है, जिसके कारण परिवार को समय देना काफी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि उनकी बेटी ने उनसे वृंदावन जाने की इच्छा जताई थी और तारीख भी तय हो गई थी, लेकिन कार्यक्रम टल गया।

■ 6 आईएएस और 18 एचसीएस का तबादला

## जैनेंद्र सिंह पानीपत व डॉ. हरीश वशिष्ठ पलवल के डीसी नियुक्त

**चंडीगढ़।** सरकार ने सोमवार को तुरंत प्रभाव से बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 6 आईएएस और 18 एचसीएस अधिकारियों के तबादला एवं नियुक्ति आदेश जारी किए। जैनेंद्र सिंह छिल्लर को पानीपत का डीसी नियुक्त किया गया है। वहीं डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ पलवल के डीसी होंगे।

**वीरेंद्र कुमार दहिया** : सचिवालय स्थापना में विशेष सचिव और पर्यावरण विभाग का निदेशक
**शशवत सांगवान**: हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार
**उत्सव आनंद** : पलवल का अतिरिक्त कमिश्नर-कम-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी
**शालिनी चेतल** : हिसार में अतिरिक्त कमिश्नर-कम-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी
**रुचि सिंह बेदी** : वर्तमान कार्यभार के साथ-साथ हरियाणा का अतिरिक्त आबकारी एवं कराधान कमिश्नर (प्रशासन)
**आशुतोष राजन** : विकास एवं पंचायत विभाग में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया
**शंभू**: होल्डिंग्स और लैंड रिकॉर्ड्स (समेकन) के अतिरिक्त निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार
**अनिल कुमार यादव** : नगर निगम, एनआईटी (एनआईटी) फरीदाबाद के संयुक्त आयुक्त
**डॉ. कुलदीप सिंह** : व्यासपुर के सब-डिवीजनल ऑफिसर (सिविल)
**मनोज कुमार** : नारनौल आरटीए
**जसपाल सिंह** : छाछरौली के सब-डिवीजनल ऑफिसर (सिविल)
**अंकित अधिकारी** : हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल की रजिस्ट्रार और संयुक्त श्रम आयुक्त (प्रशासन)
**रोहित कुमार** : हिसार के सिटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया
**अमित मान** : नगर निगम फरीदाबाद के सचिव
**अनमोल** : सोनीपत कोऑपरेटिव शुगर मिल्स की मैनेजिंग डायरेक्टर का अतिरिक्त प्रभार
**मोनिका** : 'डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर', हरियाणा की संयुक्त निदेशक
**प्रमेश सिंह** : कैथल के नए सिटी मजिस्ट्रेट होंगे
**आशीष कुमार** : कुरुक्षेत्र के सिटी मजिस्ट्रेट के साथ-साथ एचएसवीपी, कुरुक्षेत्र के एस्टेट ऑफिसर का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

### युवाओं को रोजगार देने के लिए लगेंगे मेले

**चंडीगढ़।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मुहैया करवाना है और इसके लिए सरकार पूरी गंभीरता व प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में अधिक से अधिक रोजगार मेले (जॉब फेयर) आयोजित किए जाएं। शिक्षा मंत्री पंचकूला स्थित हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के कार्यालय में बहु-तकनीकी शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

**CORRIGENDUM**
The Notice Inviting Open Tender was published on 23.05.2026 in Dainik Bhaskar and Dainik Hari Bhumi News Papers for allotment of Shop No. 07 (Chemist) in Shopping Complex in UHS, Rohtak through open bid by District Red Cross Society, Rohtak may be read as under:
In the last column i.e. Reserve License fee for one year Rs. 1,0,200,000/- (Rs. One Crore two lakhs only) may be read as Six Times of Monthly Rent.
**Secretary, District Red Cross, Rohtak**

## राज्यसभा चुनाव को हाईकोर्ट में चुनौती

■ निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल ने दाखिल की चुनाव याचिका, भारत सिंह बेनीवाल के वोट को अवैध घोषित करने की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्यसभा चुनाव 2026 का मामला पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट पहुंच गया है। चुनाव में पराजित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल ने कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर सिंह बौद्ध के निर्वाचन को चुनौती देते हुए चुनाव याचिका दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि ऐलेनाबाद विधायक भारत सिंह बेनीवाल का वोट चुनाव नियमों के उल्लंघन के बावजूद वैध माना गया। नांदल ने दावा किया कि मतदान के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार के अधिकृत एजेंट भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बेनीवाल के बैलेट पेपर को छुआ, जो सीक्रेसी ऑफ बैलेट और चुनाव नियमों के खिलाफ है। याचिका के अनुसार भाजपा उम्मीदवार संजय भाटिया के चुनाव एजेंट कृष्ण सिंह बेदी ने उसी दिन वोट रद्द करने की शिकायत भी दी थी।

रिटर्निंग अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में माना कि वीडियो में बैलेट पेपर को अधिकृत एजेंट द्वारा छुआ गया था। याचिका में कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर सिंह बौद्ध के नामांकन पत्र पर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि जरूरी दस्तावेज समय पर जमा नहीं किए गए और बाद में रिकॉर्ड में जोड़े गए।

## जातिगत टिप्पणी मामले में हाईकोर्ट सख्त यूएचबीवीएनएल अधिकारी की याचिका खारिज

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने जातिगत टिप्पणी मामले में यूएचबीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता नीतू राम तंवर की दूसरी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि जांच में प्रथम दृष्टया यह सामने आया है कि एक विशेष समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं और याची बातचीत में सक्रिय रूप से शामिल था। जस्टिस सुमित गोयल ने कहा कि इस्तेमाल की गई भाषा न केवल अभद्र है, बल्कि उससे समाज में शत्रुता और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलने की आशंका भी बनती है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बातचीत को निजी बताकर आरोपों की गंभीरता कम नहीं की जा सकती, क्योंकि वीडियो सार्वजनिक क्षेत्र में पहुंच चुका है और उससे क्षेत्र में तनाव पैदा होने के आरोप हैं।

### सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति से संयम की अपेक्षा



अदालत ने कहा कि अधीक्षण अभियंता जैसे सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति से संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक संवेदनशीलता बनाए रखने की अपेक्षा होती है। मामला सोनीपत सिटी थाना में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। बचाव पक्ष ने वीडियो में एआई तकनीक से छेड़छाड़ की संभावना भी जताई, लेकिन अदालत ने फिलहाल राहत देने से इनकार कर दिया।

## वृद्ध सेवा स्वास्थ्य पोर्टल व संजीवनी योग कार्यक्रम लॉन्च होंगे : आरती



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने बुजुर्गों और आम मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की दिशा में दो नई योजनाएं शुरू करने की घोषणा की है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य में जल्द ही वृद्ध सेवा एवं स्वास्थ्य पोर्टल और संजीवनी योग कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। इन योजनाओं के तहत आयुष, योग और आधुनिक चिकित्सा को एक साथ जोड़कर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार राज्य के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक गुरुवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में स्वास्थ्य जांच, योग परामर्श और जरूरी चिकित्सकीय सलाह दी जाएगी, ताकि बढ़ती उम्र से जुड़ी बीमारियों की समय रहते पहचान हो सके।

### हर एसडीओ कार्यालय में स्थापित होगी सोलर विंडो

**चंडीगढ़।** हरियाणा को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के प्रत्येक बिजली विभाग के उपमण्डल अधिकारी (एसडीओ) कार्यालय में सोलर ऊर्जा से संबंधित एक विशेष डेस्क/विंडो स्थापित की जाए, ताकि आमजन को सोलर सिस्टम लगाने से जुड़ी सभी जानकारी एवं सुविधाएं एक ही स्थान पर सरलता से उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही, उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक समर्पित मिस्ड कॉल नंबर आधारित व्यवस्था भी विकसित की जाएगी।

**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री रणदीप सिंह श्रीमती मूर्ति नैन डेयरी फार्म (प्रोस्पैक्ट नं. IL10986792) | गांव संघान तहसील व जिला कैथल-136117 में स्थित वर्ष 2021-2022 हेतु जमाबंदी और मुटेशन के अनुरूप खेवट नं. 330, खसरा नं. 276, 277, 366 किता 03 में निहित कुल भूमि माप 01 कनाल 06 मरला में से क्षेत्रफल 423/2600 हिस्सा मकान के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Area_Adm., सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1149 | रु. 1100657.4/- रुपये ग्यारह लाख छह सौ सतावन केवल | 09-03-2026 | 22-05-2026 |
| श्री करनैल सिंह श्री अंकुश श्री विकास श्रीमती कविता करनैल सिंह (प्रोस्पैक्ट नं. IL10810330) | गांव हंसदेहर, निर्वाना तहसील जीन्द, जिला जीन्द, हरियाणा-126102 में खेवट/खाता नं. 201/328 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land Area, Carpet Area, Built Up Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1113.7, 1546.20, 1819.00 | रु. 2300558/- रुपये तेईस लाख पांच सौ अठावन केवल | 10-03-2026 | 22-05-2026 |
| श्री योगेश कुमार श्री मैनपाल श्रीमती धीरो देवी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10634423) | तहसील व जिला कैथल, हरियाणा-136027 में स्थित खेवट नं. 267, खसरा नं. 743 (2-10) में निहित सम्पत्ति, खेवट नं. 183 में निहित सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Area_Adm., सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1182 | रु. 732759/- रुपये सात लाख बत्तीस हजार सात सौ उनसठ केवल | 09-03-2026 | 22-05-2026 |
| श्रीमती रानी बाला श्री हरि सिंह श्री मनजीत सिंह रानी डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10920477) | गांव रूड़की तहसील बाबैन, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136132 में स्थित सम्पत्ति यूआईडी नं. 586300E0001000R019R1 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1250 | रु. 334918/- रुपये तीन लाख चौंतीस हजार नौ सौ अठारह केवल | 09-03-2026 | 22-05-2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीकरनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 26.05.2026
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

**उत्तर रेलवे**

खुली निविदा एन.आई.टी. -03/2026-27 दिनांक: 18.05.2026 का शुद्धिपत्र संख्या 01

खुली निविदा जो कि वरि० मण्डल सिग्नल एवं दूर संचार अभियंता, अंबाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से एन.आई.टी.-03/2026-27 दिनांक: 18.05.2026 के द्वारा मांगी गई थी वह है टेन्डर नं०-09/2026-27 जो कि दिनांक: 11.06.2026 को खुलनी थी लेकिन प्रशासनिक कारण से अब दिनांक: 19.06.2026 को खुलेगी।
उपरोक्त टेन्डर कि नियम व शर्ते समान रहेगी।
उपरोक्त निविदा के सभी डाक्युमेन्ट वेबसाइट **www/nr/indianrail.gov.in** पर उपलब्ध है।
नं० एस०डब्लू-सिग/अंबाला/एन०आई०टी०-03/कोरीजेन्डम-01/2026-27 दिनांक: 25.05.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1758/26

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अमित छिल्लर पुत्र** श्री. वजीर सिंह **पता**: वीपीओ बराही हनुमान मंदिर के पास मोहिनी पाला तहसील बहादुरगढ़ जिला झज्जर **हरियाणा FIR No. 52/2019 Dt. 13.05.2019 U/s 420/468/471/120B IPC पुलिस थानाः चाणक्यपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित छिल्लर,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित छिल्लर,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अमित छिल्लर, FIR No. 52/2019 Dt. 13.05.2019 U/s 420/468/471/120B IPC पुलिस थानाः चाणक्यपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनिमेश कुमार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-02
कमरा नं. 32
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली
DP/6832/NDD/2026
(Court Matter)

### इनेलो के चिकित्सा प्रकोष्ठ का विस्तार

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने अभय सिंह चौटाला से विचार विमर्श करने के उपरांत पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए चिकित्सा प्रकोष्ठ और श्रमिक प्रकोष्ठ का नए सिरे से गठन करते हुए डॉ. मनजीत दुल को चिकित्सा प्रकोष्ठ का राज्य संयोजक और राजबीर सिंह चहल को श्रमिक प्रकोष्ठ का राज्य संयोजक नियुक्त किया। रामपाल माजरा ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से लोगों के बीच जाकर पार्टी से जोड़ेंगे और जिला स्तर पर सभी प्रकोष्ठों को मजबूत करेंगे। लोगों के बीच जाकर बीजेपी की जनविरोधी नीतियों को पर्दाफाश करेंगे। उन्होंने बताया कि 1 जून को इनेलो पार्टी की तरफ से लगातार बेतहाशा बढ़ रही महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि जीन्द सह. चीनी मिल्स लि., जीन्द | खरीद और सेवाएं :- हरियाणा राज्य में सामान्य प्रयोजन वैल्डिंग इलैक्ट्रोड, विशेष प्रयोजन वैल्डिंग इलैक्ट्रोड, चेन और चेन स्पेयर्स, कास्टिंग मदों, विभिन्न प्रकार के पैकिंग और ज्वाइंटिंग की खरीद, लेबर दरों पर विभिन्न प्रकार के सफाई कार्य उपकरण, मिल्स रोलर की रिशेलिंग, इलैक्ट्रोनिक वेब्रिजेज का एएमसी, त्रिवेणी टरबाइन का एएमसी, बॉल और रोलर बियरिंग्स तथा बियरिंग स्लीव्ज का दर अनुबंध, एम.एस. पाइप का दर अनुबंध, कास्ट आयरन और ब्रास/गन मैटल मदों की कास्टिंग, फैक्टरी में सफाई कार्य, फैक्टरी का प्रचालन और रखरखाव, चीनी लोडिंग अनुबंध, टीपीडीएस चीनी हेतु दर अनुबंध। | 23.05.2026 31.05.2026 | 320 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9312010010 jindsugarmills@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद-13/2027/80/45577/I/88/6 दि. 25.05.26

### अनिल विज ने पूर्व मंत्री शर्मा का हाल-चाल जाना

**चंडीगढ़।** सरकार के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज ने पंचकूला में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर रामविलास शर्मा का कुशलक्षेम जाना तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। अनिल विज ने प्रोफेसर रामविलास शर्मा से मुलाकात के दौरान उनके स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और चिकित्सकों द्वारा दी जा रही चिकित्सा एवं देखभाल के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर रामविलास शर्मा लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहते हुए हरियाणा के विकास, शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं।

### डॉ. गिरी ने भाजपा में जताई आस्था

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में सोमवार को हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने गोस्वामी समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुबोध गिरी के नेतृत्व में आए दो दर्जन से अधिक प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, चेयरमैन और पार्षदों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया।

**Vita**

**दि हिसार-जीन्द सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड, मिल्क प्लांट जीन्द**

**वीटा मिल्क बूथ आवंटन की आवंटन-तिथि बढ़ी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दुग्ध संघ हिसार जीन्द द्वारा विभिन्न स्थानों पर वीटा मिल्क बूथों के आवंटन हेतु आमंत्रित आवेदनों की अन्तिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक आवेदक दिनांक 15.06.2026 को सायः 4.00 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

**नोटः-जिन आवेदकों ने पूर्व में आवेदन जमा कर दिया है उन आवेदकों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

हस्ता/-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
दुग्ध संघ हिसार-जीन्द
संवाद- 1026/11/285/2027/45569/C/88/6 दि. 25.05.26

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **विशाल शेरा पुत्रः** श्री शंकर लाल शेरा **पताः** श्याम रेजीडेंसी, 303 सरिता विहार हड्डू मोहल्ला मदनपुर खादर दिल्ली, ने **FIR No. 34/2024 U/S 229A IPC थानाः चाणक्यपुरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल शेरा** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल शेरा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 34/2024 U/S 229A IPC थानाः चाणक्यपुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विशाल शेरा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अनिमेष कुमार
जेएमएफसी-02 कमरा नंबर 32
पटियाला हाउस कोर्ट्स, नई दिल्ली
DP/6831/NDD/2026
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा में राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय में ब्वॉयज हॉस्टल और गर्ल्ज हॉस्टल भवनों में ई.आई. की विशेष मरम्मत का प्रावधान। | 21.05.2026 28.05.2026 | 11.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | बरवाला, जिला हिसार में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स, बरवाला को ज्यूडीशियल कोर्ट्स में परिवर्तित किये जाने की विशेष मरम्मत (एलएएन, ईपीएबीएक्स और पीए सिस्टम का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 23.05.2026 29.05.2026 | 90.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में सी.एस. क्षेत्र में 2700 वर्ग फुट क्षेत्र दो मंजिला भवन में एए-1 और एए-2 आवास की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.05.2026 | 16.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज करनाल | मंजूरा - गबांव मंजूरा ब्लॉक चिराव में राजकीय विद्यालय के निकट बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 5 कार्य। | 23.05.2026 03.06.2026 | 64.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव जयसिंहपुरा, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण का विस्तृत आकलन, स्कीम एचजीवीवाई + 2 कार्य। | 21.05.2026 29.05.2026 | 146.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव कुटैल ब्लॉक घरौंडा में पीएनबी तालाब का विकास + 2 कार्य। | 20.05.2026 01.06.2026 | 114.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव मटक माजरी ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में इंडोर स्वीमिंग पूल में ई.आई. का प्रावधान। | 21.05.2026 28.05.2026 | 9.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव खेड़ी गुजरान ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, एसएफसी। | 19.05.2026 28.05.2026 | 51.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 9 | जिला परिषद फतेहाबाद | नेहला - गांव नेहला ब्लॉक भुना, जिला फतेहाबाद में पीएचसी का निर्माण (1648-82 01.07.2025)। | 20.05.2026 02.06.2026 | 424.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फतेहाबाद | फतेहाबाद डिस्टी. आरडी 78000-182550 की सफाई + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.05.2026 | 21.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466751554 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | फतेहाबाद जिले के गांव मोहम्मदपुर रोही (एमपी रोही), बडोपल, भट्टू, गोरखपुर में बाढ़ सुरक्षा और पानी निकालने के कार्यों हेतु 5 सीएस वीटी पम्प्स के लिए उपयुक्त (सोलिड शाफ्ट स्क्वायरल केज) 30 एचपी मोटर्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन। | 22.05.2026 01.06.2026 | 9.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पानीपत | खरीफ 2026 से पूर्व आरडी 49607 से 85908 तक इसराना डिस्टी. की आंतरिक सफाई हेतु आकलन + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.05.2026 | 37.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 13 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत | केन्द्रीय रोगाणुहीन आपूर्ति विभाग (सीएसएसडी) में मशीनरी और उपकरण के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा + 3 कार्य (श्रेणी-सेवाएं)। | 26.05.2026 10.05.2026 | ईएमडी 1.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 14 | कृषि एवं किसान कल्याण फतेहाबाद | गांव जंडवाला बागेर, भट्टू कलां, फतेहाबाद में ड्रेनेज भूमिगत पाइप लाइन। | 21.05.2026 04.06.2026 | 135.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7075350133 ascodbfatehabad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/280/45567/I/88/6 दि. 25.05.26

**खबर संक्षेप**

## विधायक सेतिया को फोन पर मिली धमकी, गाली-गलौज किया



**सिरसा।** सिरसा के कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया को अज्ञात नंबर से धमकी मिली है। कॉल करने वाले व्यक्ति ने विधायक के साथ गाली-गलौज किया। विधायक ने इसकी शिकायत एसएचओ को करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। गोकुल सेतिया ने बताया कि अज्ञात नंबर से कॉल आई और फोन उठाते ही कॉलर ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पहले उन्होंने इसे अनदेखा कर दिया लेकिन लेकिन कॉलर अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और बार-बार कॉल करता रहा। उन्होंने अपने स्तर पर मोबाइल नंबर की जांच की तो पता चला कि यह नंबर गुरशंट सिंह गिल के नाम पर है। विधायक ने इसकी शिकायत संबंधित एचएचओ को करनी चाही, लेकिन उन्होंने फोन तक नहीं उठाया। गोकुल सेतिया ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि पुलिस एक विधायक का फोन नहीं उठाती तो आमजन का क्या होगा।

## ट्यूबवेल के कमरे की छत गिरने से किसान की मौत

**सिरसा।** गांव देसू मलकाना में खेत में काम करते समय ट्यूबवेल के कमरे की छत गिरने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान की हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। हरप्रीत सिंह अपने पिता नक्षतर सिंह के साथ खेत में ट्यूबवेल के पास काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्यूबवेल के कमरे की छत गिर गई। हादसे में हरप्रीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

## कच्चे केलों की आड़ में डोडा पोस्त की तस्करी

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना पुलिस ने एक ट्रक से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया है, जिसे बड़े ही शातिराना तरीके से कच्चे केलों के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 40 किलो 600 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद कर एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू निवासी भाठूवा, संगरूर के रूप में हुई है, जो वर्तमान में सिरसा की जेजे कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे ट्रक को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

## पंचकूला में सहायक खनन अभियंता सस्पेंड

**पंचकूला।** राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा और राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की मांग पर सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। सहायक खनन अभियंता को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। बता दें कि पंचकूला में कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, सांसदों ने खनन से जुड़े मामलों को गंभीरता से उठाते हुए पंचायत एवं खनन मंत्री से तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद मंत्री पंवार ने सस्पेंड कर दिया।

# सोनीपत और गुरुग्राम में पत्नी को उतारा मौत के घाट

## पत्नी की हत्या कर शव बोरे में डालकर छुपाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



दूसरी पत्नी को शराब पीकर पीट-पीटकर मारा शव को बोरे में डालकर साथ लगते प्लॉट की नींव में छुपाया
बोरा ठिकाने लगाने को दोस्त बुलाया तो उसने किया हत्या का खुलासा

शहर की नई सब्जी मंडी के साथ लगती बस्ती में एक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और शव को बोरे में बंद कर ठिकाने लगाने की कोशिश की। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब आरोपित ने दोस्त को बोरा उठवाने के लिए बुलाया और उसे शक हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बोरे से महिला का शव बरामद किया। दोस्त की शिकायत पर शहर थाना में केस दर्ज किया गया।

मूल रूप से गांव घड़वाल का संदीप गोहाना में नई सब्जी मंडी के पास परिवार के साथ रहता है। प्रियंका उसकी दूसरी पत्नी थी जिसके तीन बच्चे हैं। वह पहली पत्नी को छोड़ चुका है और उसके भी दो बच्चे साथ रहते हैं। वह कुछ दिन पहले बच्चों को गांव में छोड़ आया था। बताया गया है कि संदीप नशा करके पत्नी से मारपीट करता था। रविवार को प्रियंका के साथ कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि संदीप ने उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपित ने शव को एक बोरे में बंद कर दिया। शव को घर के आंगन में दबाने के लिए गड्ढा खोदा गया। उसकी यह योजना सफल नहीं हुई तब गांव गढ़ी सराय नामदार खां के उसके दोस्त निजामुद्दीन को घर बुलाया। आरोपित ने उससे कहा कि बोरे में लोहे का सामान भरा हुआ है और उसे उठाकर रखवा देना है। जब वह बोरा उठाने पहुंचा तो उसे बोरे में किसी व्यक्ति का शव होने की आशंका हुई। इसके बाद वह वहां से निकल गया और पहले अपने स्वजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। बाद में पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलने पर पुलिस रात करीब साढ़े 11 मौके पर पहुंची। पुलिस ने बोरे को खोलकर देखा तो उसमें महिला का शव मिला। बोरे में बंद शव मकान के साथ प्लाट में खोदी गई नींव में पड़ा मिला। निजामुद्दीन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। बताया गया है कि संदीप के साथ उसका एक अन्य जानकार भी वारदात में संलिप्त था। डीसीपी जितेंद्र गहलावत ने कहा कि केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रेमिका के घर पर पत्नी की हत्या, दोनों फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



21 मई को पत्नी की हत्या कर ससुराल पक्ष को बताया कि वह ज्वेलरी लेकर फरार हो गई है
अब तलाशी में प्रेमिका के कमरे के बाथरूम से मिला सड़ा हुआ शव

प्रेमिका के कमरे में ले जाकर पत्नी की हत्या कर शव को बाथरूम में छुपा दिया। उसने लोगों को भ्रमित करने के लिए फैला दिया कि उसकी पत्नी जेवर लेकर भाग गई है। इसके बाद आरोपी अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया। पुलिस ने रविवार को जब बंद कमरे का दरवाजा तोड़ा तो अंदर से पत्नी मधु का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। मधु के पिता अशोक ने आरोप लगाया है कि 21 मई को दामाद अंकित और उसके परिजनों ने उनके घर आकर झूठी कहानी बताई कि मधु ज्वेलरी लेकर फरार हो गई है। जब वे पुलिस में रिपोर्ट लिखवाने गए तो अंकित 22 मई को अचानक से लापता हो गया। अब डेडबॉडी मिलने के बाद पता चला कि मधु का बेरहमी से मर्डर किया गया था।

परिजनों के अनुसार, मधु की शादी इसी साल 19 फरवरी को मानेसर गांव के रहने वाले अंकित भगत के साथ हुई थी। अंकित खेतीबाड़ी करता है। शादी के बाद 21 मई को अचानक मधु संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। ससुराल वालों की बातों पर शक होने पर मायके वाले 21 मई को ही मानेसर थाने पहुंचे और गुमशुदगी की जानकारी दी। जांच में पड़ोसियों ने बताया कि उन्होंने 21 मई को मधु को उसके पति अंकित के साथ स्कूटी पर बैठकर जाते हुए देखा था। आगे जांच में अंकित के एक युवती के साथ संबंधों का खुलासा हुआ। रविवार दोपहर को जब मानेसर थाना पुलिस उस किराये के मकान पर पहुंची, तो कमरा बाहर से बंद था। जब कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर बाथरूम से मधु का सड़ चुका शव बरामद हुआ। कमरे में तेज दुर्गंध फैली हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, 22 मई की रात को मकान के आसपास रहने वाले लोगों ने अंकित और उसकी प्रेमिका को हड़बड़ाहट में कमरे से भागते हुए देखा था। मानेसर थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही समय और सटीक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश कर रही हैं।

**कलयुगी बाप ने रिश्तों को किया शर्मसार**

## 3 माह की बच्ची की नाले में फेंककर की हत्या

- रूठकर मायके गई हुई थी पत्नी, वहीं मां की गोद से बच्ची को छीन ले गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

रिश्तों को शर्मसार और इंसानियत को झकझोर देने वाला एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। करनाल की चार चमन कॉलोनी में एक कलयुगी पिता ने घरेलू विवाद के चलते अपनी ही 3 महीने की मासूम बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने बच्ची को पत्नी की गोद से छीना और पास के ही एक गंदे नाले में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है, लेकिन मासूम की जान नहीं बचाई जा सकी।

उत्तर प्रदेश के बहराइच का रहने वाला सोनू करीब चार महीने पहले ही करनाल आया था और यहां दुकानों में पानी के कैंपर सप्लाई करने का काम करता था। सोनू और उसकी पत्नी अनीता की शादी 6 साल पहले हुई थी। उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी तीन साल की है और छोटी बेटी दिव्यांशी सिर्फ तीन महीने की थी। आपसी अनबन के कारण अनीता पिछले दो महीनों से अपने माता-पिता के घर रह रही थी।

### पुलिस ने नाले से बरामद किया बच्ची का शव



रोती-बिलखती मां ने तुरंत सिविल लाइन थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने रात में ही नाले पर भारी मशक्कत के साथ सर्च अभियान चलाया। काफी तलाश के बाद मासूम दिव्यांशी का शव नाले से बरामद हुआ।

रविवार की रात आरोपी सोनू शराब के नशे में धुत होकर अपने ससुराल पहुंचा और पत्नी से झगड़ने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि उसने अनीता की गोद से 3 महीने की दिव्यांशी को जबरन छीन लिया और घर से बाहर भाग गया। कुछ देर बाद जब सोनू खाली हाथ वापस लौटा तो अनीता के पूछने पर उसने ठंडे दिमाग से कहा कि उसने बच्ची को सब्जी मंडी के पीछे वाले मुगल कनाल नाले में फेंक दिया है। यह सुनते ही मां के पैरों तले जमीन खिसक गई।

## सीपीए के सम्मेलन को लेकर की समीक्षा

**चंडीगढ़।** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के उत्तर भारत क्षेत्र के जोन-2 सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिले में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने हरियाणा लोक भवन पहुंच प्रदेश के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष को सम्मेलन में शामिल होने के लिए विधिवत निमंत्रण दिया। बैठक में सम्मेलन की विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण सम्मेलन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विस अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा विधान सभा की मेजबानी में 8 से 10 जून तक होने वाला यह सम्मेलन लोकतांत्रिक मूल्यों को समर्पित रहेगा। बैठक में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक मनीष लोहान व हरियाणा विधान सभा के अधिकारी मौजूद रहे।

## डूबते दोस्त को बचाने दो और उतरे, तीनों बहे

- करनाल के लालूपुरा घाट के पास सात दोस्त नहाने के लिए गए थे, प्रशासन पर लगाया समय पर गोताखोर न भेजने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



घाट पर विलाप करते परिजन।

गंगा दशहरे के मौके पर करनाल के लालूपुरा घाट के पास यमुना नदी में नहाने गए तीन युवक गहरे पानी में डूब गए। हादसा उस समय हुआ जब सात युवक एक साथ नदी में स्नान कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गांव मुबारकाबाद निवासी रमेश कुमार अचानक गहरे पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए कुटेल गांव निवासी 19 वर्षीय मांटी उर्फ मंगतराम नदी में आगे बढ़ा, लेकिन वह भी पानी में समा गया। इसके बाद 23 वर्षीय संजू ने भी अपने साथियों को बचाने के लिए छलांग लगा दी, मगर वह भी तेज बहाव और गहराई में फंस गया। देखते ही देखते तीनों युवक यमुना में लापता हो गए।

बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर हादसा हुआ वहां पानी की गहराई करीब 30 फुट है। हालांकि कई घंटे बीतने के बाद भी न तो गोताखोर पहुंचे और न ही कोई राहत नाव मौके पर पहुंची, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। परिजनों के अनुसार तीनों युवक दिहाड़ी मजदूरी का काम करते थे। मांटी उर्फ मंगतराम दो बच्चों का पिता बताया जा रहा है।

## ट्रक व स्कॉर्पियो भिड़ी, सीकर में दाखिला करवा लौट रहे दंपति और बच्चे की मौत

- हादसे के बाद गाड़ी को कटर से काटकर निकाले तीनों सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। मृतक बृजमोहन, अनीता और निमेष। -फाइल फोटो

जेसलमेर नेशनल हाइवे पर रविवार देर रात धामलावास के पास स्कॉर्पियो गाड़ी को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार दंपति व उनके 15 साल के बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। दंपति बच्चे का सीकर में एडमिशन कराने के बाद घर लौट रहे थे। हादसा इतना खतरनाक था कि गाड़ी में फंसे परिवार के तीनों सदस्यों को कटर से गाड़ी काटकर बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने ट्रक चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

बोड़िया कमालपुर निवासी 40 वर्षीय बृजमोहन अपनी पत्नी अनीता को साथ लेकर बेटे निमेष का कोचिंग सेंटर में एडमिशन कराने के लिए स्कॉर्पियो में राजस्थान के सीकर शहर गए थे। एडमिशन कराने के बाद रात को तीनों घर के लिए निकले थे। रात को लगभग 1 बजे जब उनकी गाड़ी धामलावास पॉलीटेक्निक के पास पहुंची तो एक तेज रफ्तार ट्रक ने गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रक सहित फरार हो गया। जैसलमेर हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना रामपुरा पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसा इतना खतरनाक था कि गाड़ी सवार दंपति व उनका लड़का बुरी तरह फंस गए थे। पुलिस ने हाइड्रा और कटर मशीन मंगवाकर गाड़ी को कटवाते हुए तीनों को बाहर निकाला।

### बुजुर्ग मां-बाप पर टूट पड़ी कयामत

बृजमोहन एक कंपनी में नौकरी करते थे। उनकी पत्नी सरकारी स्कूल में टीचर लगी हुई थी। दंपति और उनका बेटा गुरुग्राम में ही रह रहे थे। वहीं से तीनों सीकर गए थे। गांव में बृजमोहन के वृद्ध माता-पिता रहते हैं। इस हादसे के बाद बृजमोहन का परिवार खत्म होने से माता-पिता पर कयामत टूट पड़ी है।

## गोवंश के लिए तय चारा राशि बेहद कम : गुप्ता



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने हरियाणा और पूरे देश में गोवंश की दुर्दशा और उनके खिलाफ बढ़ रहे अत्याचारों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। डॉ. गुप्ता ने हाल ही में कुरुक्षेत्र में गोशाला के दौरे के दौरान हालातों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां की गोशाला के संचालक स्वामी जी ने बताया कि सरकार 20 रुपये की अनुदान राशि के लिए गायों के कान काटकर टैग लगा रही है। और कान काटने को मना करने पर अनुदान राशि जारी नहीं कर रही है। डॉ गुप्ता ने सुझाव दिया कि कान को काटने के बजाय टैग को गले में या पैर पर भी लगाया जा सकता है ताकि गो माता को दर्द से बचाया जा सके। सरकार द्वारा कागजों में तय की गई चारा अनुदान राशि बेहद कम है और यह राशि भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है।

**छात्र संघ चुनाव को लेकर प्रदर्शन का मामला**

## कांग्रेस नेता बुद्धिराजा समेत 10 युवा 8 वर्ष बाद केस से बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

वर्ष 2018 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान दर्ज मुकदमे में कांग्रेस के वरिष्ठ युवा नेता एवं करनाल लोकसभा से पूर्व प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा समेत 10 युवाओं को न्यायालय द्वारा बरी कर दिया गया।

उस समय आंदोलन के दौरान दिव्यांशु बुद्धिराजा और उनके साथियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 149, 186, 188 और 341 जैसी गंभीर धाराएं लगाई गई थीं। करीब आठ वर्षों तक चले केस के बाद इन युवाओं की जीत हुई। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने भावुक होते हुए कहा कि यह लड़ाई केवल अदालत की चारदीवारी तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह आत्मसम्मान, लोकतांत्रिक अधिकारों और सच्चाई की लड़ाई थी। उन्होंने कहा कि जब युवाओं के बीच उनका जनसमर्थन लगातार बढ़ने लगा और जनता उनसे जुड़ने लगी, तब राजनीतिक विरोधियों ने उनकी छवि खराब करने के लिए हर हथकंडा अपनाया। झूठे मुकदमे दर्ज करवाए गए, मीडिया के माध्यम से गलत संदेश फैलाए गए और उन्हें राजनीतिक रूप से कमजोर करने की लगातार कोशिशें की गईं।

## बस अड्डों से कब्जे हटेंगे, सामान दुकान के अंदर ही रखें : विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि अब राज्य के बस अड्डों पर यात्रियों की आवाजाही, स्वच्छता एवं सुरक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही, बस अड्डों पर अवैध कब्जों, अतिरिक्त काउंटरों, रेहड़ी-फड़ी और अनधिकृत गतिविधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि यह निर्देश गत दिनों परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिए आदेशों के अनुपालना में परिवहन विभाग के महानिदेशक द्वारा हरियाणा रोडवेज के सभी महाप्रबंधकों को जारी किए गए हैं। विज ने जारी निर्देशों के अनुसार बताया कि कोई भी दुकानदार, वेंडर अथवा अन्य व्यक्ति बस अड्डे के प्लेटफॉर्म, सड़क, फुटपाथ, प्रतीक्षालय या सार्वजनिक स्थान पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करेगा। दुकान से संबंधित सामान जैसे रैक, फ्रिज, क्रेट, टेबल, बेंच, बोर्ड अथवा अन्य सामग्री केवल निर्धारित दुकान क्षेत्र के भीतर ही रखी जा सकेगी। मंत्री विज ने कहा कि बिना अनुमति अतिरिक्त विद्युत उपकरण या अवैध बिजली कनेक्शन लगाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

## पीयूसीसी न होने पर पंपों पर तेल नहीं डालने की योजना

- एनसीआर के 2780 पंपों पर एक अक्टूबर से योजना लागू करने पर किया जा रहा विचार

**हरिभूमि न्यूज\चंडीगढ़।** हरियाणा ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए व्यापक और तकनीक आधारित रणनीति अपनाई है। राज्य सरकार का लक्ष्य सितंबर 2026 तक सभी चिन्हित कमियों को दूर करते हुए बड़े स्तर पर निरंतर परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों (सीएएक्यूएमएस) के नेटवर्क का विस्तार करने का है। प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर की अध्यक्षता में एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों की समीक्षा बैठक में भाग लेने के बाद हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बताया कि राज्य सरकार उत्सर्जन कम करने और प्रमुख शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से स्पष्ट कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के दौरान एनसीआर के प्रमुख शहरों में 925 इलेक्ट्रिक बसें संचालित करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 575 इलेक्ट्रिक बसों के खरीद आदेश जारी किए जा चुके हैं। हरियाणा सरकार 1 अक्टूबर, 2026 से एनसीआर जिलों के सभी 2,780 पेट्रोल पंपों पर "नो पीयूसीसी, नो फ्यूल" नीति लागू करने जा रही है। इसके लिए ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) सिस्टम चरणबद्ध तरीके से स्थापित किए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने एंड-ऑफ-लाइफ (ईओएल) वाहनों के खिलाफ कार्रवाई भी तेज कर दी है। जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच बड़ी संख्या में पुराने वाहनों को जब्त या स्क्रैप किया गया है। परिवहन विभाग ने प्रतिदिन ऐसे 100 वाहनों को जब्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## टीडीआई के 5 निदेशकों की गिरफ्तारी के आदेश जारी

**पानीपत।** हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी हरेरा पंचकूला ने रियल एस्टेट कंपनी टीडीआई कंपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा ऑथोरिटी के आदेशों की निरंतर अवहेलना और उल्लंघन करने पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर कमल तनेजा सहित कुल 5 निदेशकों को 3 महीने की दीवानी कैद की सजा सुनाई है। अथॉरिटी के सदस्य चंदर शेखर की पीठ ने शिकायतकर्ता नरेंद्र कुमार द्वारा दायर निष्पादन याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। यह मामला साल 2019 से जुड़ा है। जिसमें अथॉरिटी ने 31 अक्टूबर 2025 और 24 अप्रैल 2026 को टीडीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर को शिकायतकर्ता के पक्ष में भुगतान करने के आदेश दिए थे। ऑथोरिटी द्वारा पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस का भी जवाब नहीं दिया गया। अथॉरिटी द्वारा कंपनी पर लगाया गया 10 हजार और शिकायतकर्ता को देय 5 हजार का जुर्माना भी जमा नहीं कराया गया। शिकायतकर्ता को 10 जुलाई से पहले इन कामकाजी निदेशकों के लिए 100 रुपये प्रतिदिन प्रति निदेशक के हिसाब से गुजारा भत्ता जमा कराना होगा। यह राशि जमा होने की सूचना मिलते ही पुलिस को इन सभी निदेशकों को गिरफ्तार करने का वारंट जारी कर दिया जाएगा। अरेस्ट होने की तारीख से इन सभी को 3 महीने की जेल काटनी होगी।

**मौसम** अगले दो और दिन सताएगी गर्मी, सिरसा में 46.2 डिग्री सबसे ज्यादा रहा पारा

# नौतपा शुरू होने से हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी कई जिलों में रात का तापमान 31 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

### 28 मई को पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना, बदलेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा में नौतपा के दौरान पहले 4 दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, परन्तु अन्तिम 5 दिनों के दौरान तापमान में गिरावट रहेगी। 25 मई को एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा में आंशिक बदलाव से आंशिक बादलवाही और तेज गति की हवाओं, आंधी या अंधड़ के साथ बिखराव वाली हल्की बारिश की सम्भावना बन रही है। 28 मई को एक नया मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा, एनसीआर, दिल्ली में 28 से 30 मई के दौरान मौसम में बदलाव की सम्भावना बन रही है। एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 2 जून को सक्रिय होने से हरियाणा, एनसीआर, दिल्ली में एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।



प्रदेश में सोमवार से नौतपा शुरू हो गया है जो 2 जून तक चलेगा। आमतौर पर नौतपा के दौरान गर्मी अपने तेवरों को प्रचंड बनाती है। वैसे नौतपा का तपना अच्छे मानसून का वैज्ञानिक संकेत माना जाता है। वहीं, मौसम विभाग ने 3 दिनों के लिए हीटवेव (लू) को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

रविवार को उत्तर भारत में दक्षिण पश्चिमी गर्म हवाओं के चलने से थार रेगिस्तान से उड़कर वातावरण में धूल के गुबार देखने को मिले। उत्तर राजस्थान और पश्चिमी हरियाणा का मौसम इस समय पूरी तरह से धुंधला हो गया है। धीरे-धीरे सम्पूर्ण हरियाणा में धूल के गुबार देखने को मिलेगें। प्रदेश के जिलों की बात करें तो सिरसा में एक बार फिर तापमान सबसे ज्यादा रहा। यहां अधिकतम तापमान में 0.2 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 46.2 डिग्री रहा। रोहतक में तापमान कुछ गिरावट के साथ 45.2 डिग्री दर्ज किया गया। महेंद्रगढ़ में 44.2 डिग्री, जींद में 43.8 डिग्री, अंबाला में 43.6 और हिसार में 43.3 डिग्री रहा। बाकी जिलों की बात करें तो अधिकतर जगह 41 से 42 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

हालांकि अधिकतर जगह रात के तापमान में गिरावट देखने को मिली है। झज्जर में रात के तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यहां 5.3 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ रात का पारा 31.4 डिग्री दर्ज किया गया। मेवात में भी रात के तापमान में 5.2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई और तापमान 31.9 डिग्री पहुंच गया। पलवल में भी ऐसी ही हालात देखे गए। यहां 5.4 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ रात का पारा 31.2 डिग्री रहा।

## मृत शिक्षकों के ऋण माफी मामलों के जल्द निपटान के दिए निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मौलिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर मृत शिक्षकों के ऋण माफी मामलों के त्वरित और सटीक निपटान के निर्देश दिए हैं। विभाग प्रवक्ता ने बताया कि अक्सर शिक्षा विभाग के जिला कार्यालयों से मृत कर्मचारियों के ऋण संबंधी मामले बिना उचित निरीक्षण के निदेशालय भेज दिए जाते हैं, जिससे मामलों के निपटान में अनावश्यक देरी होती है और विभाग व सरकार पर वित्तीय भार पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए सहायक निदेशक (ऑडिट व लेखा शाखा) ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी शिक्षक की मृत्यु के बाद उनके ऋण की राशि को माफ करने से पहले कार्यालय के अनुभाग अधिकारी से राशि को अच्छी तरह सत्यापित और वेरीफाई कराया जाए। इसके साथ ही, यदि मृतक कर्मचारी ने पंजाब नेशनल बैंक से ऋण लिया है तो उसकी गणना भी बैंक से सत्यापित करवानी अनिवार्य होगी। संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा यह स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए कि कुल कितना ऋण लिया था और वर्तमान में कितनी राशि बकाया है।




## दिल्ली में ट्रैफिक पुलिस को मिले एसी हेलमेट



एक बार चार्ज होने पर चार से पांच घंटे चलेगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच पुलिसकर्मियों को एसी वाले हेलमेट प्रदान कर रही है। ये हेलमेट तपती धूप में बाहर ड्यूटी कर रहे कर्मियों के सिर को ठंडा रखेंगे, जिससे डिहाइड्रेशन और सिरदर्द से राहत मिलेगी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने अपने जवानों की सेहत को ध्यान में रखते हुए स्पेशल एसी हेलमेट उपलब्ध कराए हैं। इन हेलमेट्स में एयर कूलिंग सिस्टम लगाया गया है, जो सिर के आसपास ठंडी हवा पहुंचाता है। हेलमेट के अंदरूनी हिस्से में लगा पंखा और कूलिंग यूनिट, बाहरी तापमान से लगभग 10-15 डिग्री तक कम हवा का प्रवाह सिर की तरफ करते हैं। इसमें बैटरी से चलने वाला तापमान नियंत्रित करने वाला सिस्टम लगाया गया है। यह रिचार्जेबल है और एक बार चार्ज करने पर चार से पांच घंटे तक चल सकता है। ये हेलमेट वजन में हल्के होते हैं। इसमें आमतौर पर कमर पर लगाई जाने वाली रिचार्जेबल लिथियम-आयन बैटरी होती है, जो कई लगभग 8 घंटे तक कूलिंग प्रदान कर सकती है। एसी हेलमेट तेज धूप में लंबे समय तक खड़े रहने वाले पुलिसकर्मियों को काफी राहत महसूस हो रही है।


## चंडीगढ़ में शराब का भंडारा लगाने वाला गिरफ्तार



बर्फ में मिलाकर वोदका पिला रहा था

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के पॉश सेक्टर-9 मार्केट में सरेआम शराब का लंगर लगाने के मामले में सेक्टर-3 थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डीजे मालिक राजेश सचदेवा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एफआईआर में लिखा है कि शराब ठेके के बाहर खुलेआम लोगों को नई शराब ब्रांड को प्रमोट करने के लिए शराब पिलाई जा रही थी। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। वीडियो में शराब ठेके के बाहर स्टॉल लगाकर लोगों को बर्फ के गोलों यानी चुस्की में वोदका मिलाकर मुफ्त में बांटते देखा गया। बताया जा रहा है कि यह वीडियो खुद शराब ठेकेदार की ओर से इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया था, जिसे विवाद बढ़ने के बाद डिलीट कर दिया गया। तब तक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका था। चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर निशांत यादव ने कहा कि सेक्टर-9 के जिस शराब ठेके के बाहर यह काम किया गया है, उसके लाइसेंस होल्डर को नोटिस जारी कर इस बारे में जवाब मांगा गया है। हैरानी की बात यह है कि वहां से 300 मीटर दूरी पर चंडीगढ़ पुलिस मुख्यालय, डीजीपी व एसएसपी कार्यालय मौजूद हैं।

## महाराष्ट्र में प्यासे बंदरों ने बस को रोका, पानी मिलने पर हटे



घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

यवतमाल (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के विदर्भ के यवतमाल जिले से इंसानियत को झकझोर देने वाली एक तस्वीर सामने आई है, जहां भीषण गर्मी से बेहाल बंदरों का झुंड पानी के लिए तरसता नजर आया। घटना पुसद के खंडाला घाट की है, जहां प्यास से परेशान बंदरों ने सड़क पर ही बस रोक दी। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे, महाराष्ट्र राज्य परिवहन (एमएसआरटीसी) की एक बस धुले से यवतमाल की ओर जा रही थी। जैसे ही बस खंडाला घाट इलाके में पहुंची, अचानक एक बंदर सड़क के बीच आकर खड़ा हो गया और हटने से इनकार कर दिया। बस चालक और यात्रियों ने पहले बंदर को हटाने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी जगह से नहीं हिला। तभी कुछ यात्रियों को अंदाजा हुआ कि बंदर प्यास से परेशान है। उन्होंने तुरंत पानी की बोतल आगे बढ़ाई। जैसे ही बंदर ने पानी पीना शुरू किया, जंगल से अन्य बंदरों का झुंड भी वहां पहुंच गया। इसके बाद जो दृश्य सामने आया वह बेहद भावुक कर देने वाला था। प्यास से व्याकुल बंदर पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करते नजर आए। बस में मौजूद एक यात्री ने इस पूरे घटनाक्रम को रिकॉर्ड कर लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## ब्रेकअप से नाराज प्रेमी ने युवती के घर पर पेट्रोल बम फेंके



कोयम्बटूर की घटना, वीडियो देख कांपे लोग

**कोयम्बटूर।** कोयम्बटूर के थोंडामुथुर इलाके में ब्रेकअप से नाराज एक पूर्व प्रेमी द्वारा युवती के घर पर पेट्रोल बम से हमला करने का मामला सामने आया है। इस घटना के दौरान घर के अंदर पढ़ रही युवती बाल-बाल बच गई। डिशैडेली के अनुसार, यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थोंडामुथुर के पास कलिकनयाकनपालयम इलाके में पीड़ित परिवार निवास करता है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि घर के प्रवेश द्वार पर एक लाल स्कूटर पार्क है। कुछ ही मिनटों में दो लोग बाइक पर वहां पहुंचते हैं और तुरंत पेट्रोल बम की बोतलें घर पर फेंक देते हैं, जिससे भीषण आग लग जाती है। आग तेजी से फैलती है और स्कूटर के पास घना धुआं जमा हो जाता है।

## आगरा में जिप लाइन का लॉक खुला, नीचे गिरा लड़का, मौत



**आगरा।** आगरा चौपाटी में रविवार देर शाम जिप लाइन से गिरने से चूड़ी कारोबारी के बेटे की मौत हो गई। इस हादसे का वीडियो सोमवार सुबह से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि किशोर जिप लाइन झूले से दूसरी छोर की तरफ बढ़ा। इसी दौरान उसकी सेफ्टी बेल्ट का हुक खुल गया। जिससे करीब 45 फीट की ऊंचाई से किशोर नीचे जमीन पर गिरा। किशोर के गिरते ही माता पिता उसकी ओर दौड़े। मगर, किशोर ने माता-पिता के सामने तड़प-तड़पकर दमतोड़ दिया।

### पंजाब में लोगों से भरा झूला हवा में लटका

**कपूरथला।** पंजाब के कपूरथला के बेगोवाल क्षेत्र में आयोजित मेले में रविवार देर रात बड़ा हादसा टल गया। हिंडोला झूला अचानक तकनीकी खराबी के कारण हवा में ही रुक गया। झूले में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें बच्चे, महिलाएं और युवा शामिल बताए जा रहे हैं। संत बाबा प्रेम सिंह जी की सालाना बरसी के उपलक्ष्य में बेगोवाल में 1, 2 और 3 जून तक विशाल मेला आयोजित किया जा रहा है।



हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले में मनोरंजन के लिए बड़े-बड़े झूले लगाए गए हैं। रविवार रात मेले में भारी भीड़ मौजूद थी और लोग झूलों का आनंद ले रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया।

## खबर संक्षेप

### एथेनॉल आधारित स्वदेशी स्टोव लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एथेनॉल आधारित स्वदेशी कुकिंग स्टोव टेक्नोलॉजी का अनावरण किया। उन्होंने दावा किया कि इस नए स्टोव पर खाना बनाना कमर्शियल एलपीजी से काफी सस्ता पड़ेगा। इस स्टोव में 7 प्रतिशत एथेनॉल को पानी के साथ मिलाकर उपयुक्त लौ उत्पन्न होगी।



### कांग्रेस पर कभी भरोसा न करें: उदयनिधि

**चेन्नई।** तमिलनाडु में द्रमुक युवा शाखा प्रमुख उदयनिधि स्टालिन ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से कांग्रेस पर दोबारा कभी भरोसा न करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अपनी पूर्व सहयोगी रही द्रमुक का चुनावी फायदा उठाकर कांग्रेस ने पीठ में छुरा घोंपने का काम किया है। 20 से अधिक साल तक कांग्रेस पार्टी हमारी पीठ पर सवार रही।



### कर्नाटक में सीएम बदलने की तैयारी!

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर जारी अटकलों पर अंतिम फैसला जल्द लिया जा सकता है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की बैठक के बाद अगले दो से तीन दिनों में स्थिति साफ होने की उम्मीद है। सीएम सिद्धारमैया मंगलवार सुबह 11 बजे दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व से मिलेंगे।



### महाराष्ट्र : कार खाई में गिरी, 8 लोगों की मौत

**रायगढ़।** महाराष्ट्र के रायगढ़ में पोलादपुर-महाबलेश्वर रोड के अंबेनली घाट इलाके में रविवार सुबह एसयूवी कार 800 फीट गहरी खाई में गिर गई। घटना में 8 लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने मृतकों के मोबाइल की लास्ट लोकेशन ट्रेस की। इधर, कर्नाटक के भटकल में रविवार दोपहर टट्टीहक्कल नदी में सीप इकट्ठा करते समय डूबने से एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत हो गई। कुल 14 लोग थे, जिनमें से 3 का रेस्क्यू किया गया।

### असम विधानसभा में यूसीसी विधेयक पेश

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश किया। असम के संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा ने सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की ओर से विधेयक पेश किया। विपक्षी विधायकों ने विधेयक का विरोध करते हुए अध्यक्ष से इसे पेश न करने का अनुरोध किया।



## सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट राजा चौधरी की याचिका पर हुई सुनवाई

# कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार

सीजेआई सूर्यकांत बोले- ऐसी कोई आपात स्थिति नहीं

बेंच ने कहा-इसे इतनी भावुकता से मत लें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फर्जी वकीलों और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) से जुड़ी गतिविधियों के आरोपों की जांच के अनुरोध वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एन.के. गोस्वामी से कहा कि वह इस मुद्दे को 'इतने भावुक तरीके' से नहीं लें। गोस्वामी ने कहा कि चीफ (सीजेआई) द्वारा सब कुछ साफ-साफ बताने के बाद भी जानबूझकर एक गलत और झूठी बात को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके बाद सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने कहा कि इसे इतनी भावुकता से मत लें।'



### याचिका में फर्जी वकीलों की जांच का भी अनुरोध किया गया था

याचिका एडवोकेट राजा चौधरी ने दायर की है। उसने आंदोलन से जुड़े फर्जी अधिवक्ताओं और फर्जी कानून की डिग्रियों की जांच की भी मांग की है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में हाल की कार्यवाही के दौरान दिए गए मौखिक अदालती बयानों के कमर्शियलाइजेशन किए जाने के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। इस पर सीजेआई ने जवाब दिया कि अभी ऐसी कोई गंभीर आपात स्थिति नहीं है। देखते हैं क्या होता है। गौरतलब है कि सीजेपी का एक्स अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया था। सोमवार दोपहर 12 बजे तक सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 2.29 करोड़ फॉलोअर्स हो गए हैं।

### कॉकरोच वाले बयान पर सीजेआई ने दी थी सफाई

चीफ जस्टिस ने 16 मई को बयान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा था कि उन्हें उन खबरों से बहुत दुख हुआ जिनके मुताबिक उन्होंने युवाओं की आलोचना की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके बयान विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए थे जो फर्जी डिग्रियों के माध्यम से विधि पेशे में प्रवेश कर रहे हैं और मीडिया के एक वर्ग द्वारा उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया।



### सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए ट्विशा मामले में सुनवाई की

**नई दिल्ली/ भोपाल।** ट्विशा शर्मा संदिग्ध मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सोमवार को सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कई सवाल उठाए हैं और सीबीआई को मामले की जांच अपने हाथ में लेने का आदेश दिया। कोर्ट ने आरोपी और पीड़ित परिवार से मीडिया में या सार्वजनिक मंचों पर बयान न देने की अपील की है। अदालत में सुनवाई के दौरान सामने आया कि गिरिबाला अपने रसूख का इस्तेमाल कर जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। कोर्ट ने ये भी सवाल उठाया कि उन्हें तुरंत जमानत कैसे मिल गई। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनलर तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सीबीआई मामले की जांच अपने पास ले लेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को रिकॉर्ड पर ले लिया। सीजेआई सूर्यकांत ने उम्मीद जताई कि सीबीआई तुरंत और निष्पक्ष जांच करेगी। अदालत ने सुनवाई के दौरान बेहद स्पष्ट शब्दों में कहा कि चाहे ये मौत खुदकुशी हो या फिर कोई अन-नेचुरल डेथ (अप्राकृतिक मौत), हर हाल में इस पूरे मामले की तह तक जाकर एक निष्पक्ष और पूरी जांच सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है।



अब मामले की जांच अपने हाथ में लेगी सीबीआई

### सीएम मान के कुत्तों के मारने वाले बयान वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कुत्तों को मारने के बयान को लेकर दायर याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। याचिका में कहा गया था कि सीएम ने आदेश को गलत तरीके से पेश किया। उन्होंने ये गुमराह करने वाली बात फैलाई कि कोर्ट ने कुत्तों को मारने की खुली छूट दे दी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री कोई बयान देते हैं तो क्या हम अपना आदेश बदल दें। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट में जाने के लिए कहा। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बैंच ने इस मामले में याचिकाकर्ता की बात सुनने से इनकार करते हुए कहा कि आदेश का सख्ती से पालन करने के लिए हाईकोर्ट को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आप वहां जाइए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को लेकर याचिका पर आखिरी फैसला सुनाया था।

## टीवीके में शामिल होने के लिए मंत्री अर्जुना से मिले

# विस से एआईएडीएमके के तीन विधायकों का इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में सियासी उलटफेर

तमिलनाडु में सोमवार को बड़ी सियासी हलचल तेज हो गई। चुनाव नतीजे आने के 21 दिन के भीतर ही एआईएडीएमके के तीन विधायकों ने इस्तीफा दे दिया और तुरंत बाद ही टीवीके में शामिल हो गए। तीनों विधायकों ने तमिलनाडु विधानसभा के स्पीकर जेसीडी प्रभाकर को अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफा सौंपने के बाद तीनों सचिवालय में टीवीके के महासचिव और मंत्री आधव अर्जुन से मिले और टीवीके पार्टी में शामिल हो गए। जिन तीन ने इस्तीफा दिया है, उनमें मधुरंतकम से विधायक के. मरगथा कुमारवेल, धारापुर की विधायक पी. सत्यभामा और पेरुनदुरई के विधायक जयकुमार हैं।

### वेलुमणि गुट से तीनों

तीनों एसपी वेलुमणि गुट से जुड़े हैं। यह एआईएडीएमक का बागी गुट है, जो चुनाव नतीजों के बाद विजय की पार्टी को टीवीके को समर्थन देने की वकालत कर रहा था। विधानसभा स्पीकर जेसीडी प्रभाकर ने तीनों विधायकों का इस्तीफा भी मंजूर कर लिया है। ये तीनों विधायक उन 25 विधायकों में शामिल थे, जिन्होंने 13 मई को हुए फ्लोर टेस्ट के दौरान टीवीके के समर्थन में वोट डाला था।

Vita

The Rohtak Cooperative Milk Producers' Union Ltd.

**शुद्धिपत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र कमांक 14187-192 दिनांक 16.03.2026 द्वारा 06 मिल्क बूथ साईटों, पत्र कमांक 14181-186 दिनांक 16.03.26 द्वारा 08 मिल्क बूथ साईटों और पत्र कमांक 991-996 दिनांक 01.05.26 द्वारा 53 मिल्क बूथ साईटों के लिए समाचार पत्रों के माध्यम से वीटा मिल्क बूथों के आवंटन के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे, जिनकी आवेदन पत्र आमंत्रित करने की अन्तिम तिथि क्रमशः 18:04.2026, 18.04. 2026 व 25.05.2026 थी। मुख्यालय के पत्र क्रमांक 1173-77 दिनांक 22.05.2026 की अनुपालना करते हुए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त सभी (6+8+53=67) वीटा मिल्क बूथों की साईटों के आवेदन पत्र आमंत्रित करने की समय सीमा को बढाकर अन्तिम तिथि 15.06.2026 (सोमवार) कर दी गई है। अन्य नियम व शर्तें अपरिवर्तित बनी रहेगी।

हस्ता/-मुख्य कार्यकारी अधिकारी
मिल्क यूनियन / प्लान्ट रोहतक

संवाद- 1026/11/282/2027/45539/C/88/6 दि. 25.05.26

## नीलम मीणा होंगी बंगाल की नई मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की वरिष्ठ अधिकारी नीलम मीणा को सोमवार को पश्चिम बंगाल की नई मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। वह मनोज कुमार अग्रवाल की जगह लेंगी, जिन्हें पिछले दिनों राज्य का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था। निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि पश्चिम बंगाल काडर की 1998 बैच की आईएएस अधिकारी मीणा को सीईओ नियुक्त किया जा रहा है। इसमें कहा गया कि मीणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर रहते हुए राज्य सरकार का कोई अतिरिक्त प्रभार नहीं संभालेंगी।

## अभिषेक के घर पुलिस की रेड, कई उपकरण बरामद

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बेनर्जी के घर पुलिस की टीम ने छापामारी की है। पुलिस ने अभिषेक बनर्जी के घर से मॉनिटर समेत कई चीजें जब्त की हैं और उन्हें अपने साथ लेकर चली गई। अभिषेक बनर्जी का घर 188-A हरीश मुखर्जी रोड पर स्थित है। सोमवार को कोलकाता पुलिस टीम अभिषेक बेनर्जी के घर पर पहुंची और मॉनिटर समेत कई सामान लेकर चली गई। इस मामले में बताया जा रहा है कि कोलकाता नगर निगम की तरफ से अवैध निर्माण को लेकर नोटिस जारी किया गया था। नोटिस दिए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। हालांकि, रविवार को अभिषेक बनर्जी ने नगर निगम से अतिरिक्त समय की मांग की थी।



## यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के चार्टर्ड प्लेन का एक इंजन फेल, सुरक्षित उतारा

**मुरादाबाद।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के सरकारी चार्टर्ड प्लेन का मुरादाबाद में सोमवार शाम 4:10 बजे एक इंजन फेल हो गया। उड़ान भरने के लिए पायलट ने जैसे ही इंजन स्टार्ट किया, उसमें से धुआं निकलने लगा। उस वक्त ब्रजेश पाठक और उनकी टीम विमान के अंदर ही थी। घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो गईं। एहतियात के तौर पर विमान को रोक दिया गया और ब्रजेश पाठक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इंजन क्यों बंद हुआ, इसके कारणों का पता लगाया जा रहा।



## श्रीनगर और शोपियां में एनआईए का छापा



**श्रीनगर।** एनआईए ने जम्मू कश्मीर के श्रीनगर और शोपियां जिलों में दारुल उलूम सिराजुल उलूम समेत तीन स्थानों पर सोमवार को छापे मारे। दारुल उलूम सिराजुल उलूम को पिछले महीने अवैध इकाई घोषित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए के अधिकारियों ने शोपियां के इमाम साहिब इलाके में स्थित इस विद्यालय में तड़के छापा मारा। यह शिक्षण संस्थान सैकड़ों छात्रों को धार्मिक और औपचारिक, दोनों तरह की शिक्षा देता है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए के एक अन्य दल ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के पूर्व प्रमुख शहजादा औरंगजेब के जिले के मोलू चित्रगाम में स्थित घर पर भी छापेमारी की। केंद्रीय एजेंसी ने श्रीनगर के लाल बाजार इलाके में लड़कियों के मदरसे, जमीयत उल बनात में भी छापा मारा।

**थाना शहर बल्लबगढ** **जिला फरीदाबाद**

DD नं०-21 दिनांक 22-05-26 थाना शहर बल्लबगढ फरीदाबाद

**ईश्तेहार**



आप सर्वसाधारण की सूचित किया जाता है कि आज दिनाक 22-05-26 को बजरिया टेलीफोन सूचना मिली की एक नाम पता नामालूम व्यक्ति मृत अवस्था में सोहना फ्लाई ओवर के निचे स्टायर वायर कम्पनी की दीवार के पास पड़ा हुआ मिला है मृतक नाम पता नामालूम की नाश को पहचान के लिए 72 घंटों के लिए मोर्चरी BKH फरीदाबाद में रखी गई है जिसका हुलिया रंग गहुआ, गोल चेहरा, हस्त पुष्ट शरीर, कद 5 फुट 7 इंच, उम्र करीब 35 साल है शरीर पर काली कमीज, काली पेंट पहने हुए है पेंट चमड़े की बैल्ट से बंधी हुई है दाहिने हाथ की कलाई पर राजेश कालर दुर्मे से गुदा हुआ तथा बाएं हाथ की कलाई पर दिल काले सुर्मे से गुदा हुआ दिल के अंदर काले सुर्मे से राजेश कुमार गुदा हुआ है गले में काले रंग का धागा पहने हुए है अगर किसी थाना चौकी में किसी प्रकार की सूचना मिले तो निम्न लिखित नम्बरों पर सम्पर्क करे।

पुलिस नियन्त्रण कक्ष -100-9999150000
प्रबन्धक अफसर थाना शहर बल्लबगढ़-9582200132
प्रभारी पुलिस चौकी बस अड्डा बल्लबगढ़- 9582200168

हस्ता/-PP बस अड्डा बल्लबगढ़
दिनांक 22-05-26

पीआरडीएच-1084/11/4859/2027/45553/88/6 दि. 25.05.26

## 19 महिलाओं को मिला सम्मान और 16 हस्तियों को मरणोपरांत सम्मान दिया गया

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 विभूतियों को पद्म पुरस्कार से किया सम्मानित

वर्ष 2026 के लिए कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी गई है, जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। बाकी पुरस्कार बाद में आयोजित दूसरे समारोह में दिए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित वर्ष 2026 के पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 66 पद्म पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस चरण में 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए।

वर्ष 2026 के लिए कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी गई है, जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं।बाकी पुरस्कार बाद में आयोजित दूसरे समारोह में दिए जाएंगे। ये सम्मान कला, विज्ञान, साहित्य, चिकित्सा, खेल, सामाजिक कार्य, लोक सेवा और उद्योग समेत विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए दिए जाते हैं। पद्म विभूषण असाधारण सेवा, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए है। पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।



पुदुच्चेरी के के. पजानिवेल ने पीएम मोदी को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया

### 6 दशक से निःशुल्क संगीत सीखा रहे कसम



गुजरात के जूनागढ़ के महान लोक संगीतकार मीर हाजी कसम, जिन्हें लोकप्रिय रूप से 'हाजी रामकडू' के नाम से जाना जाता है, को गुजराती पारंपरिक संगीत में उनके असाधारण योगदान, ढोलक वादन में पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। छह दशकों से अधिक के कलात्मक सफर के लिए प्रसिद्ध, उन्होंने अपना जीवन क्षेत्रीय संगीत को विश्व भर के अंतरराष्ट्रीय श्रोताओं तक पहुंचाने और अगली पीढ़ी के कलाकारों को निःशुल्क मार्गदर्शन देने के लिए समर्पित किया।

### 13 को मिला पद्म भूषण

इस बार 13 हस्तियां पद्म भूषण से सम्मानित की गईं हैं जिनमें से महाराष्ट्र से कला के क्षेत्र में अलका याज्ञनिक, पीयूष पांडे (मरणोपरांत), व्यापार और उद्योग में उदय कोटक, उत्तराखंड से लोक सेवा क्षेत्र में भगत सिंह कोश्यारी, तमिलनाडु से कला के क्षेत्र में ममूटी, चिकित्सा में अमेरिका से डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु और खेल में विजय अमृतराज, तमिलनाडु के एसकेएम एसकेएम मेलानंदन को समाज सेवा में, कर्नाटक के शतावधानी आर गणेश को कला में, लोक सेवा के क्षेत्र में झारखंड से शिबू सोरेन (मरणोपरांत), दिल्ली से वीके मल्होत्रा (मरणोपरांत) और केरल से वेल्लापल्ली नटेशन को सम्मानित किया गया है। इस बार 5 हस्तियां पद्म विभूषण से सम्मानित की गईं हैं। भारत के वित्तीय और बैंकिंग क्षेत्र में अपने असाधारण योगदान के लिए कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक और दिग्गज बैंकर उदय कोटक को 'पद्म भूषण' सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान न केवल उदय कोटक की व्यक्तिगत व्यावसायिक सफलता को दर्शाता है, बल्कि देश के व्यापार और उद्योग क्षेत्र की मजबूती की भूमिका को मान्यता देता है।

**कब्जा सूचना**

चूंकि, आईआईएफएल ने प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 (2002 का 54) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए कर्जदार/सह-कर्जदार, गारंटरों, गिरवीकर्ताओं, जिनका विवरण नीचे तालिका में वर्णित है, का आह्वान करते हुए एक डिमांड नोटिस जारी किया और चूंकि तदोपरांत, आईआईएफएल-एचएफएल के पास प्रतिभूति रसीदों के धारकों के लाभ के लिए फीनिक्स ट्रस्ट-एफवाई 26-14 के ट्रस्टी के तौर पर इसकी क्षमता में कार्य करते हुए फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में "फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड" के तौर पर जानी जाती) को नीचे दी गई अचल सम्पत्ति सहित कर्जदार/गारंटर(ों) को आईआईएफएल-एचएफएल, बैंक द्वारा ऋण सुविधाओं के फलस्वरूप कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) द्वारा भुगतानयोग्य और देय ऋणराशि के सम्बन्ध में असाइनमेंट एग्रीमेंट दिनांक 29 दिसम्बर 2025 के तहत इसके सभी अधिकार, टाइटल, हित और लाभ असाइन कर चुका है। इसलिए, उक्त असाइनमेंट के मद्देनजर, फीनिक्स अब आईआईएफएल-एचएफएल के स्थान पर स्थानापन्न माना जाता है और फीनिक्स उनके द्वारा प्राप्त की गई वित्तीय सुविधाओं के लिए कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित और बनाई गई प्रतिभूति हित और गारंटी के प्रवर्तन समेत वित्तीय दस्तावेजों के तहत अधिकार और लाभ अमल में लाने और कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) के विरूद्ध सभी और कोई भी कार्यवाही स्थापित करने/जारी रखने का हकदार होगा। कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) द्वारा उक्त राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि फीनिक्स का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथि को "जैसा है जहां है और जो भी है वहां है आधार पर" पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

| कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/गारंटर का नाम/एलएएन नं. | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रुपए में) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री हारूण श्री बिलाल श्रीमती अनीशा हारूण वैल्डिंग वर्क्स (प्रोस्पेक्ट नं. IL10623072) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- समालखा, पानीपत, हरियाणा-132103 में स्थित खेवट नं. 1542, किल्ला नं. 52/6/4(0-2), खेवट नं. 1543, खतौनी नं. 1654 किल्ला नं. 42/16/1(2-11) में निहित सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 540.00, 486.00, 413.00 | रु. 2010585/- (रुपये बीस लाख दस हजार पांच सौ पचासी केवल) | 06-10-2025 | 22-05-2026 |

कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि फीनिक्स सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(13) के तहत और ऊपर वर्णित अचल सम्पत्ति का कानूनी कब्जाधारी है, कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) अथवा कोई व्यक्ति, जो भी हो, इस सूचना की प्राप्ति के पश्चात फीनिक्स की लिखित पूर्व अनुमति के बिना अचल सम्पत्ति को बिक्री, लीज अथवा अन्य किसी तरीके से डील द्वारा/स्वत्व-अंतरण द्वारा हस्तांतरण नहीं करेंगे और अचल सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आकस्मिक व्यय, लागत, परिव्यय इत्यादि सहित उपरोक्त राशि पर अनुबंधात्मक दर पर भविष्य के ब्याज सहित उपरोक्त राशि के लिए फीनिक्स की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार/गारंटर(ों)/गिरवीकर्ता(ओं) का ध्यान उपरोक्त अचल सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 26.05.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में)

**फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड' के रूप में जानी जाती)**

CIN No.-U67190MH2007PLC168303 Website: www.phoenixarc.co.in पंजीकृत कार्यालय : तृतीय तल, वॉल्लेस टावर्स, 139/140/बी/1, सहर रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाई-वे का क्रॉसिंग, विले पार्ले ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र 400057. Tel: +91 02268492450.

## चिंतन

# अब अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा दबाव

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो सप्ताह में करीब 7 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। यह इस बात का संकेत है कि सरकार भी अब दबाव महसूस कर रही है। हालांकि सरकार लगातार यह कोशिश कर रही है कि आम जनता पर बोझ सीमित रहे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों ने आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ा दी हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में किसी भी तरह का तनाव सीधे तौर पर भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी टकराव तथा युद्ध की आशंका ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता पैदा कर दी है। सोमवार को युद्ध समाप्ति की उम्मीद में शेयर बाजार में तेजी जरूर देखने को मिली, लेकिन रुपये पर दबाव अभी भी बना हुआ है। डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी केवल वाहन चलाने की लागत तक सीमित नहीं रहती। इसका असर पूरे आर्थिक तंत्र पर पड़ता है। परिवहन महंगा होने से खाद्यान्न, सब्जियां, दूध और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ना स्वाभाविक है। यानी महंगाई का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ता है। मध्यम वर्ग और गरीब तबका सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, क्योंकि उनकी आय सीमित होती है, जबकि खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह आर्थिक संतुलन बनाए रखे और जनता के असंतोष को भी नियंत्रित करे। यही कारण है कि केंद्र सरकार फूंक-फूंक कर कदम उठा रही है। यदि तेल कंपनियों को लगातार घाटे में चलने दिया जाए तो आर्थिक बोझ बढ़ेगा, जबकि कीमतें बढ़ाने से जनता में नाराजगी का खतरा रहता है। इससे खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होने और कीमतें बढ़ने की आशंका रहती है। सप्लाई चेन बाधित होने की स्थिति में जरूरी वस्तुओं की कमी भी पैदा हो सकती है। इन परिस्थितियों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने '3 एफ' यानी ईंधन (फ्यूल), उर्वरक (फर्टिलाइजर) और विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स) के रणनीतिक प्रबंधन पर जोर दिया है। उनका कहना है कि सरकार की प्राथमिकता विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत बनाए रखना और नागरिकों के हितों की रक्षा करना है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब अमेरिकी डॉलर के पार पहुंचना निश्चित रूप से एक सकारात्मक संकेत है। असली चुनौती यह है कि वैश्विक अस्थिरता के बीच आर्थिक विकास की रफ्तार को कैसे बनाए रखा जाए। यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं तो सरकार की कई विकास योजनाओं पर असर पड़ सकता है। कुछ परियोजनाएं धीमी पड़ सकती हैं और कुछ में देरी होना स्वाभाविक है। निजी निवेश पर भी असर पड़ सकता है, क्योंकि उद्योग जगत अनिश्चित माहौल में निवेश को लेकर सतर्क हो जाता है। खाड़ी संकट जल्द नहीं सुलझा तो जरूरी वस्तुओं की कमी हो सकती है और सप्लाई चेन बाधित हो सकती है। ऐसे में सरकार पूरी सावधानी के साथ कदम उठा रही है। देखा जाए तो देश में अभी तक कीमतें और उपलब्धता काफी हद तक नियंत्रण में हैं। लेकिन यह आगे नहीं बढ़ेंगी इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि खाड़ी संकट जल्द दूर होगा, अर्थव्यवस्था पर दबाव कम होगा और आमजन को महंगाई से कुछ राहत मिलेगी।



मुद्दा
डॉ. अश्विनी महाजन

जब 10 मई, को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से पेट्रोल और डीज़ल बचाने की अपील की, जिसके लिए उन्होंने अनावश्यक पेट्रोल-डीज़ल से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल कम करने, विदेश यात्रा में कटौती करने, घर से काम करने और ऑनलाइन बैठकें करने का सुझाव दिया तो असल में यह नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाकर भारतीय रुपये की रक्षा करने की अपील ही थी। इसी संदर्भ में, प्रधानमंत्री की नागरिकों से सोने की खरीद से बचने, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील का उद्देश्य विदेशी देशों पर निर्भरता कम करना और कीमती विदेशी मुद्रा बचाना है।

# आत्मनिर्भरता से मजबूत होगा रुपया

भारतीय रुपया लंबे समय से कमज़ोर हो रहा है, लेकिन अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के ढाई महीने के बहुत कम समय में रुपये के मूल्य में आई हालिया गिरावट नीति निर्माताओं के लिए चिंता का बड़ा कारण है। हालांकि, भारतीय रुपये के मूल्य में गिरावट का सीधे तौर पर ज़िक्र नहीं किया गया, लेकिन यह कोई भी समझ सकता है कि जब 10 मई, 2026 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से पेट्रोल और डीज़ल बचाने की अपील की, जिसके लिए उन्होंने अनावश्यक पेट्रोल-डीज़ल से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल कम करने, विदेश यात्रा में कटौती करने, घर से काम करने और ऑनलाइन बैठकें करने का सुझाव दिया तो असल में यह नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाकर भारतीय रुपये की रक्षा करने की अपील ही थी। इसी संदर्भ में, प्रधानमंत्री की नागरिकों से सोने की खरीद से बचने, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील का उद्देश्य विदेशी देशों पर निर्भरता कम करना और कीमती विदेशी मुद्रा बचाना है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि खाड़ी युद्ध की इस अवधि के दौरान, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 38 अरब अमेरिकी डॉलर कम हो गया है, और हमारा भंडार 27 फरवरी को 728.5 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर 12 मई, 2026 तक 690.7 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है।

आम तौर पर, रुपये की स्थिरता के बारे में दो तरह के विचार हैं। एक वर्ग मानता है कि विनिमय दर, बाज़ार द्वारा निर्धारित एक मूल्य से ज़्यादा कुछ नहीं है; और अगर मुद्रा का मूल्य गिरता भी है, तो भी किसी को चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आयात और निर्यात विनिमय दर के अनुसार अपने आप समायोजित हो जाएंगे। उनका मानना है कि घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट आयात को हतोत्साहित और निर्यात को प्रोत्साहित कर सकती है। भारतीय रुपये के बारे में, कभी-कभी उनका मानना होता है कि इसका मूल्य ज़रूरत से ज़्यादा है, और इसलिए यदि रिज़र्व बैंक रुपये में किसी भी गिरावट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करता है, तो इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा, क्योंकि ऐसा करने से आयात को बढ़ावा मिलेगा और निर्यात हतोत्साहित होगा। दूसरा वर्ग एक मज़बूत रुपये में विश्वास रखता है। उन्हें लगता है कि केवल एक मज़बूत रुपया ही मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, और ऋण सेवाओं (मूलधन और ब्याज की अदायगी), लाभांश, रॉयल्टी, वेतन और अन्य आय हस्तांतरणों के कारण होने वाले विदेशी मुद्रा के बहिर्प्रवाह को नियंत्रण में रख सकता है। सत्ता की बागडोर संभालने से पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह तर्क देते रहे हैं कि पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण ही रुपये में गिरावट आई है, और इसलिए केवल सही नीतियों द्वारा ही समूह ही रुपये के अवमूल्यन को रोका जा सकता है। हालांकि, रुपये का मूल्य हमेशा से चर्चा का विषय रहा है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि सरकार चाहे कितनी भी मज़बूत क्यों न हो, वह कृत्रिम रूप से विनिमय दर तय नहीं कर सकती और न ही इसे बढ़ाने में मदद कर सकती



है। विनिमय दर विदेशी मुद्राओं (जैसे डॉलर) की मांग और आपूर्ति द्वारा तय होती है। जहां विदेशी मुद्रा की मांग वस्तुओं और सेवाओं के आयात, ऋण चुकाने (अतीत में लिए गए ऋणों के मूलधन और ब्याज की वापसी), लाभांश, रॉयल्टी, तकनीकी शुल्क, वेतन और अन्य आय हस्तांतरण के कारण होती है; वहीं विदेशी मुद्रा की आपूर्ति वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के शुद्ध प्रवाह, और विदेशों से प्राप्त विदेशी पोर्टफोलियो निवेश आदि से होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कभी-कभी भारतीय रिज़र्व बैंक बाज़ार में हस्तक्षेप करता है और बाज़ार में विदेशी मुद्रा की आपूर्ति बढ़ाकर रुपए में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव को रोकने की कोशिश करता है; लेकिन यदि चालू खाते पर भुगतान संतुलन में लगातार घाटे के कारण रुपए का मूल्य गिरता है, तो लंबे समय में इस प्रकार के हस्तक्षेप का प्रभाव बहुत सीमित होता है। रुपये के मूल्य को कृत्रिम रूप से बनाए रखने के लिए आरबीआई को अपने विदेशी मुद्रा भंडार से लगातार अधिक से अधिक डॉलर बाज़ार में डालने पड़ते हैं। इसलिए, यह खतरा बना रहता है कि यदि रिज़र्व बैंक विदेशी मुद्रा बाज़ार में हस्तक्षेप करना जारी रखता है, तो उसका विदेशी मुद्रा भंडार समाप्त हो सकता है। अतः, रुपए का मूल्य सुधारने के लिए, हमें इस घाटे के लिए ज़िम्मेदार मूल कारणों को ठीक करने की आवश्यकता है। हाल के वर्षों में भारत में रुपये के मूल्य पर विचार करें, तो हम पाते हैं कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच रुपए का मूल्य अपेक्षाकृत स्थिर रहा और इस अवधि के दौरान इसमें मात्र 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई। लेकिन 1 अप्रैल 2025 से अब तक, एक साल से कुछ अधिक समय में ही रुपये का मूल्य 11.7 प्रतिशत गिर गया है। इस अवधि के दौरान सबसे बड़ी गिरावट 27 फरवरी 2026 को युद्ध शुरू होने से लेकर 13 मई 2026 तक के समय में हुई। मात्र ढाई महीने की छोटी सी अवधि में ही रुपए का मूल्य काफी गिर गया 4.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ, यह 91.1 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर से गिरकर 95.5 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। इससे नीति निर्माताओं में बड़ी चिंता व्याप्त है। हम समझते हैं कि रुपये की कीमत में गिरावट का मुख्य कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं, जिससे व्यापार घाटा तेज़ी से बढ़ रहा है, और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा शेयर बाज़ारों में भारी बिकवाली भी जारी है। भुगतान संतुलन का पहला हिस्सा वस्तुओं के व्यापार संतुलन से आता है। हम देखते हैं कि पिछले कुछ सालों में, वस्तुओं के आयात में बढ़ोतरी और निर्यात में सुस्ती का रुझान काफी बढ़ा है। लेकिन साल 2025-26 के दौरान, आयात में अचानक तेज़ी देखी गई, जबकि निर्यात लगभग स्थिर रहा; इसके परिणामस्वरूप वस्तु व्यापार घाटा 50 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़ गया, और 2024-25 के 283.5 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 333.2 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि, घाटे में हुई इस भारी बढ़ोतरी की कुछ हद तक भरपाई सेवाओं के व्यापार में हुए अतिरिक्त अतिरेक से हो गई; यह अतिरेक 2024-25 के 188.8 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 213.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, यानी इसमें 25 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। अगर हम भारत द्वारा आयात किए जाने वाले मुख्य सामानों पर नज़र डालें, तो उनमें पेट्रोलियम उत्पाद, सोना, खाने का तेल, रासायनिक उर्वरक आदि शामिल हैं। वैश्विक संघर्षों, बाधित मूल्य श्रृंखलाओं और हमारे विदेशी मुद्रा भंडार के खत्म होने के खतरे के कारण लगातार गिरते रुपये की समस्या की गंभीरता को देखते हुए, देश के हितों की रक्षा के लिए राष्ट्र को संकीर्ण राजनीतिक विमर्शों से ऊपर उठकर तेजी से कदम उठाने होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

विवेक मिश्रा




# साझा परिवहन जैसे प्रयोगों से ही होगी ईंधन की बचत

वैश्विक अर्थव्यवस्था को दलदल में घसीट रहे, पश्चिम एशिया के संघर्ष से, भारत जैसे प्रगतिशील देश अछूते रह सकें, यह संभव नहीं है। ऊर्जा की नश्वर तैलीय तमन्नाओं के उन्माद ने तरक्की पसंद मुल्कों की सरल राहों को रोका है। अतिवाद और तेलीयकरण के परिवेश में शांति प्रयासों की कोई सुबह होती नहीं दिख रही है, बढ़ती हुई पेट्रोल डीजल की कीमतें इस वास्तविकता की पुष्टि कर रहीं हैं। ऐसे संकटकाल में प्रधानमंत्री की देशवासियों से उपयोग व उपभोग में संयम बरतने की अपील, धैर्य की सभी कसौटियों को कसने के बाद ही की गई होगी, हम यह मानकर चलें। राजनीतिक दृष्टि से इस अपील की गहन गवेषणा की जा सकती है। इस एवज में कि हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 85% विदेशों से आयात करते है, जिसमें फारस की खाड़ी वाले मार्ग का हिस्सा 35% है। चीन के बाद गोल्ड का सबसे बड़ा उपभोक्ता भारत है और यह भी आयात पर ही निर्भर है। इस तरह ईंधन और स्वर्ण आभूषण से दबी भारतीय अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा डॉलर पर बहुत निर्भर करती है, जंग से निर्मित हालातों में बढ़ती कीमतों और हमारी मांगों से विदेशी मुद्रा भंडार के तेजी से कम होने का खतरा बढ़ रहा है, जनवरी की तुलना में मई 2026 में यह लगभग 723 बिलियन डॉलर से 690 बिलियन डॉलर पर आ चुका है। इन परिस्थितियों में संयम के संयुक्त प्रयत्नों से ही हम भारत के प्रगति पथ को निर्बाध संचालित रख सकते हैं। संयुक्त प्रयास इसलिए महत्वपूर्ण है , क्योंकि यह हम 140 करोड़ भारतीयों के दैनंदिन व्यवहार और बरतने की आदतों से जुड़ा विषय है। प्रयासों के इस क्रम में नेतृत्व कर्ताओं द्वारा अपने काफिलों से कमोबेश पचास प्रतिशत वाहन कम करने की बात कही गई है, जिसकी पालना फिलहाल कई माननीयों के द्वारा सड़कों पर किए गए वाहन शक्ति प्रदर्शन में देखने को नहीं मिल सकी, हालांकि केंद्रीय व शीर्ष नेतृत्व सराहनीय रूप से प्रयास कर रहे हैं । निजी क्षेत्र जरूर अपने सशक्त तकनीकी ढांचे के दम पर वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्था को तुरंत मूर्तरूप दे सकते हैं। सरकारी कार्यालयों में भी अधिकारियों-कर्मचारियों के आवागमन को सार्वजनिक व साझा परिवहन से जोड़कर इच्छित परिणाम हासिल किए जा सकते है। अधिकांशतः सभी सरकारी दफ्तर सप्ताह में पांच दिन संचालित किए जाते हैं, लेकिन देशभर में स्कूल प्रायः सप्ताह में छह दिन लगाए जा रहे हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाशों की अवधि भी 1980 से 2010 तक 2 माह तक हुआ करती थी , यह अधिकांश राज्यों में अब 30 से 45 दिन तक सिमट चुकी है। आने वाले 1 वर्ष के लिए यदि 5 दिवसीय व्यवस्था और ग्रीष्मकालीन अवकाश को बढ़ाने का निर्णय लिया जाता है, तो कुछ चमत्कृत परिणाम हासिल हो सकते है। एक प्रयोग मॉडल के तरह हम इस पर विमर्श कर सकते हैः- इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी के हिसाब से देशभर के 10 लाख सरकारी स्कूलों में 51 लाख सरकारी शिक्षक कार्यरत हैं। यदि यह सभी शिक्षक बाइक साझा कर अपने अपने घरों से स्कूल आने जाने के लिए कम से कम 10 किलोमीटर का सफर भी तय करते हैं, तो एक मोटरसाइकिल से दो शिक्षकों को 200 एम.एल. पेट्रोल की जरूरत होती है। वहीं देशभर के शिक्षकों के साथ ईंधन की यह खपत 510000 लीटर /प्रतिदिन हो जाती है। पेट्रोल की इस खपत को यदि अगले एक वर्ष के लिए फाइव डे वर्किंग मॉडल और 2 महीने के ग्रीष्मकालीन अवकाश से जोड़ दें (मौजूदा 1 माह के अवकाश से 30 दिन अधिक) तो कुल 39,780,000 लीटर पेट्रोल की बचत की जा सकती है। इतने मात्रा के पेट्रोल को परिष्कृत करने में लगने वाले कच्चे तेल की तादाद 86,478,261 लीटर या 77,698 मीट्रिक टन हो जाती है। (1 लीटर कच्चे तेल से लगभग 450 एम.अल. पेट्रोल का उत्पादन होता है।) आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 478 करोड़ रुपये होगी। हालांकि यह तथ्य भी स्पष्ट करना जरूरी है, कि भारत में कच्चे तेल की प्रतिदिन खपत 7,50,000 मीट्रिक टन है,अर्थात वर्षभर किए गए इन तमाम प्रयासों के बाद भी हम एक दिन की खपत का केवल 10% प्रतिशत ही कच्चा तेल बचा सकेंगे, जो देश में मात्र ढाई घंटे की आपूर्ति को पूरा करेगा। प्रथम दृष्टया इस प्रयोग का सीमित प्रभाव क्षेत्र हमें हताशा से भर सकता है, किंतु यह ध्यान रखना होगा कि यह 51 लाख सरकारी शिक्षकों के साथ किया गया प्रयोग है और यह भारत की कुल जनसंख्या का मात्र 0.36% प्रतिशत है। इस मॉडल को स्कूलों में पढ़ने वाले 25 करोड़ विद्यार्थियों की संख्या के अनुपालन से और प्रधानमंत्री के 140 करोड़ भारतीयों से किए गए आग्रह के अनुशासन से जोड़ दिया जाए, तो अगले एक वर्ष में जो परिणाम हम हासिल करेंगे, वह प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रभावना के अप्रतिम रोमांच से भर देगा।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिवत्व की साधना



संकलित
दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।


## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आस्था, मोक्ष व मानवता का महापर्व है गंगा दशहरा

भारतीय संस्कृति में नदियों को केवल जलधारा नहीं बल्कि जीवन, चेतना और मोक्ष का स्रोत माना गया है। इनमें भी मां गंगा का स्थान सर्वोच्च है। करोड़ों भारतीयों की आस्था का केंद्र गंगा केवल एक नदी नहीं बल्कि सनातन सभ्यता की आत्मा हैं। हिमालय की गोद से निकलकर मैदानों को जीवन देने वाली गंगा सदियों से भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, कृषि, साहित्य और लोकजीवन की धुरी रही है। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा दिव्य चेतना और गंगा के पृथ्वी पर अवतरण का महापर्व है। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। इस बार यह पर्व अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोगों में आया है। यह आस्था, मोक्ष व मानवता का महापर्व है।

*- विवेक त्यागी, सोनीपत*

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में कानून-व्यवस्था के लिए भारत ने दिए 134 पुलिस वाहन


भारत ने सोमवार को कोलंबो में राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित समारोह में श्रीलंका को 134 पुलिस वाहन सौंपे, जिसे दोनों देशों के बीच 'बहुआयामी विकास साझेदारी' में एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। इस सौदे से जुड़े समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दिसंबर 2024 में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान हस्ताक्षर हुए थे। भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीलंका पुलिस को 30 करोड़ श्रीलंकाई रुपये से खरीदे गए 134 वाहन सौंपे गए।' उन्होंने बताया कि श्रीलंका पुलिस के अनुरोध पर की गई यह पहल सड़क सुरक्षा, नागरिकों को समय पर मदद पहुंचाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक होगी। भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि इस बेड़े की सुपुर्दगी भारत और श्रीलंका के बीच सभी प्रमुख क्षेत्रों में जारी बहुआयामी विकास साझेदारी में एक और महत्वपूर्ण अध्याय है। राष्ट्रपति दिसानायके के अलावा श्रीलंका के सुरक्षा मंत्री आनंद विजेपाल और पुलिस महानिरीक्षक प्रियंत वीरसुरिया भी समारोह में मौजूद थे।




## ऑफ बीट

### विटामिन बी3 सप्लीमेंट से त्वचा कैंसर का खतरा कम

त्वचा कैंसर दुनिया का सबसे आम प्रकार का कैंसर है। इस कैंसर का कारण लगातार धूप में रहने, गोरी त्वचा और उम्र बढ़ने से जुड़ा है। रोकथाम की मौजूदा रणनीतियां पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाव और 'सनस्क्रीन लोशन' के इस्तेमाल पर केंद्रित हैं। यह भी देखने में आया है कि एक बार त्वचा कैंसर का पता चलने पर कई बार रोगियों को इसकी पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ता है। निकोटिनामाइड एक सस्ता और व्यापक रूप से उपलब्ध सप्लीमेंट है, जिसका इस्तेमाल त्वचा कैंसर से बचाव के लिए किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि विटामिन बी3 का यह रूप पराबैंगनी किरणों से होने वाली क्षति के बाद त्वचा की प्राकृतिक मरम्मत प्रणालियों को मजबूत करता है, सूजन कम करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को असामान्य कोशिकाओं का पता लगाने तथा उन्हें हटाने में मदद करता है। नये अध्ययन में 12,000 से अधिक रोगियों, जिन्होंने एक महीने से अधिक समय तक प्रतिदिन दो बार 500 मिलीग्राम निकोटिनामाइड लेना शुरू किया, की तुलना 21,000 से अधिक रोगियों से की गई, जिन्होंने इसे नहीं लिया। निकोटिनामाइड लेने वालों में फिर से त्वचा कैंसर के विकास का जोखिम 14 प्रतिशत कम देखा गया।



## ट्रेंड

### बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं



भीषण गर्मी को देखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में नीट परीक्षा आयोजित करने वाले जिले के अधिकारियों व सभी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उचित निर्देश जारी करें। **-धर्मेंद्र प्रधान,** केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### देश में इबोला का केस नहीं



सभी अधिकारी देश भर में हवाई अड्डों, बंदरगाहों और भूमि सीमा पार करने सहित देश के सभी प्रवेश बिंदुओं पर इबोला स्क्रीनिंग व्यवस्था को पूरी तरह से सतर्क और मजबूत रखें। अभी देश में इबोला का कोई केस नहीं है यह राहत वाली बात है। **-जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### एक और संस्था धांधली का प्रतीक



मोदी-प्रधान की जोड़ी ने एक और संस्था को धांधली का प्रतीक बना दिया। दशकों में पहली बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर इतने गंभीर सवाल उठे हैं। 18.5 लाख बच्चों ने परीक्षा दी और एक हफ़्ते से ओएसएम ग़लत मार्किंग और जांच की गड़बड़ी की शिकायतें अनसुनी पड़ी हैं और शिक्षा मंत्री अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

### भारत में कम बढ़ोतरी



नेता विपक्ष राहुल गांधी देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया भर में तेल और डीजल की कीमतों में भारी उछाल आया है, हालांकि, इसकी तुलना में भारत में कीमतों में हुई बढ़ोतरी मामूली रही है, विशेष रूप से तब जब इसे अमेरिका, ब्रिटेन और खाड़ी देशों में हुई वृद्धि के साथ देखा जाए। **-गौरव भाटिया,** राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# जोकोविच रिकॉर्ड 22वीं बार खेल रहे हैं फ्रेंच ओपन, पहुंचे दूसरे दौर में

एजेंसी ⏭ पेरिस

**दो घंटे 51 मिनट तक चले मैच में पेरीकार्ड को हराया**

फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन कुछ उम्रदराज खिलाड़ियों ने अपना जलवा दिखाया, जिनमें नोवाक जोकोविच प्रमुख थे, जिन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि 39 वर्ष की उम्र में भी वह अपने युवा प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़ सकते हैं।

जोकोविच को पहले दौर में न सिर्फ अपने से लगभग आधी उम्र के स्थानीय खिलाड़ी का सामना करना पड़ रहा था बल्कि उन्हें दर्शकों का भी समर्थन नहीं मिल रहा था। जोकोविच ने अपने रिकॉर्ड 82वें ग्रैंड स्लैम में फ्रांस के 22 वर्षीय खिलाड़ी जियोवानी म्पेटशी पेरिकार्ड से पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके दो घंटे 51 मिनट तक चले मैच में 5-7, 7-5, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की।

### फेडरर और फेलिसियानो लोपेज को पीछे छोड़ा

अपने 39वें जन्मदिन के ठीक दो दिन बाद कोर्ट पर कदम रखते ही जोकोविच ने पुरुषों में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खेलने का रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने रोजर फेडरर और फेलिसियानो लोपेज को पीछे छोड़ा। जोकोविच ने उन 82 ग्रैंड स्लैम में से रिकॉर्ड 24 जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 22वीं बार फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल में खेल रहे हैं। इस तरह से उन्होंने फ्रांसीसी खिलाड़ी रिचर्ड गैस्केट और एंटोनी जेंटियन की बराबरी कर ली है। वह यहां पिछले 20 टूर्नामेंट में से 19 में कम से कम क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। उन्होंने 2016, 2021 और 2023 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता।

# बसवरेड्डी ने किया उलटफेर, सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज को दी शिकस्त

एजेंसी ⏭ पेरिस

भारतीय मूल के टेनिस खिलाड़ी निशेष बसवरेड्डी ने फ्रेंच ओपन में पहला बड़ा उलटफेर करते हुए पहले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराया। वाइल्डकार्ड से प्रवेश पाने वाले और अब अमेरिकी नागरिक बन चुके बसवरेड्डी ने दो घंटे 45 मिनट के कड़े मुकाबले में विश्व नंबर 9 फ्रिट्ज को 7-6(5), 7-6(5), 6-7(9), 6-1 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। इक्कीस वर्षीय बसवरेड्डी के माता-पिता 1999 में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर से अमेरिका चले गए थे। वह साल



2000 के बाद इस ग्रैंड स्लैम में शीर्ष 10 रैंकिंग वाले खिलाड़ी को हराने वाले अमेरिका के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 2000 में यान-माइकल गैम्बिल ने 2000 में तत्कालीन विश्व नंबर 8 निकोलस कीफर शिकस्त दी थी।

### वावरिंका ने फ्रेंच ओपन को अलविदा कहा

**पेरिस।** स्विट्जरलैंड के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी स्टेन वावरिंका ने सोमवार को पहले दौर में हार के साथ फ्रेंच ओपन को भावुक विदाई दी। वावरिंका 2015 में फ्रेंच ओपन के चैंपियन रहे थे, जबकि 2017 में उपविजेता बने थे। इस 41 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह इस सत्र के अंत में संन्यास ले लेंगे। उन्होंने अपने पहले रोलां गैरो मुकाबले के 21 वर्ष बाद यहां आखिरी बार कोर्ट पर कदम रखा। नीदरलैंड के जेस्पर डी जोंग ने वावरिंका को 6-3, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। जीत के बाद डी जोंग ने दर्शकों से वावरिंका के सम्मान में तालियां बजाने का आग्रह किया।

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप





साईं सुदर्शन — 638 रन — गुजरात

भुवनेश्वर कुमार — 24 विकेट — बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### सौडल ओपनः 63वें स्थान पर रहे संधू

**रिंकवेन ।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू को सौडल ओपन के अंतिम दिन काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा और आखिर में वह संयुक्त 63वें स्थान पर रहे। डीपी वर्ल्ड टूर में पहली बार खेल रहे 29 वर्षीय संधू ने अंतिम दिन 73 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में यह उनका एकमात्र ओवर पार स्कोर था। उन्होंने चार दौर में 70-68-68-73 के कार्ड खेले और आखिर में पांच अंडर पार के स्कोर के साथ अपने अभियान का समापन किया। इस बीच डीपी वर्ल्ड टूर में सात बार के विजेता दक्षिण अफ्रीका के रिचर्ड स्टर्न ने 13 साल बाद कोई खिताब जीता। स्टर्न का कुल स्कोर 18 अंडर पार (64-68-68-66) रहा।

### विश्व कप फुटबॉल टीम में शामिल यमल-विलियम्स



**मैड्रिड।** चोटिल फॉरवर्ड लेमाइन यमल और निको विलियम्स को स्पेन की विश्व कप फुटबॉल टीम में शामिल किया गया है। र्सीलोना के यमल और एटलेटिक बिलबाओ के विलियम्स को सत्र के आखिर में मांसपेशी में चोट लगी थी लेकिन कोच लुईस डे ला फुएंटे ने कहा कि वह विश्व कप से पहले फिट हो जाएंगे। स्पेन को ग्रुप एच के पहले मैच में 15 जून को अटलांटा में केप वर्डे से खेलना है। इसके बाद 21 जून को सऊदी अरब और 26 जून को उरुग्वे से सामना होगा। पहली बार विश्व कप के लिए स्पेन की टीम में रीयाल मैड्रिड का कोई खिलाड़ी नहीं होगा।

### तलवार ने किया शानदार प्रदर्शन, रहे 40वें स्थान पर

**ओडेंसे।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने बीच के दो दौर में औसत प्रदर्शन करने के बाद अंतिम दौर में शानदार खेल का नमूना पेश किया, जिससे वह डेनिश गोल्फ चैलेंज में संयुक्त 40वें स्थान पर रहे।



तलवार में अंतिम दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर आठ अंडर पार (67-70-75-68) रहा। तलवार अब रोड टू मलोरका तालिका में 21वें स्थान पर हैं। इसमें 2026 में डीपी वर्ल्ड टूर के लिए 15 कार्ड उपलब्ध हैं। इस बीच टैपियो पुल्कनेन ने प्लेऑफ में मैक्सेंस गिबौडॉट को हराकर खिताब जीता।

## अंडर-23 सीनियर एशियन कुश्ती में छाईं बेटियां

# देश की महिला पहलवानों ने 10 मेडल जीते, इनमें 7 म्हारी छोरियों ने कब्जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



अंडर-23 सीनियर एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में भारत की महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें महिला पहलवानों ने सभी भारवर्ग में पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। पहलवानों ने 6 स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित 10 मेडल जीते। इसमें से सात हरियाणा की महिला पहलवानों ने जीते। इसके अलावा लड़कों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अक्षय ने 57 किलोग्राम में और विक्की ने 97 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता वियतनाम में आयोजित की जा रही है। हरियाणा की मुस्कान ने 53 किलोग्राम, तपस्या ने 57 किलोग्राम, पुलकित ने 67 किलोग्राम, मानसी ने 68 किलोग्राम, काजल ने 76 किलोग्राम और महाराष्ट्र की भाग्यश्री ने 62 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता। भाग्यश्री रोहतक के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है। हरियाणा की नेहा ने 59 किलोग्राम और स्वीटी ने 50 किलोग्राम में रजत पदक जीता। महाराष्ट्र की अमृता ने 72 और अहिल्या ने 55 किलोग्राम में कांस्य पदक जीता। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि भारतीय टीम आगामी मुकाबलों में भी इसी लय को बरकरार रखेगी।

### लड़कों में पहलवान अक्षय और विक्की ने जीता सोना



### म्हारी छोरी किसी से कम नहीं

*हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि म्हारी छोरी किसी से कम नहीं है। महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करके देश का नाम रोशन किया। कोच मनदीप ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।*

# विराट ब्रिगेड की बल्लेबाजी पर गुजरात टाइटंस का हमला, आज असली जंग!



एजेंसी ⏭ धर्मशाला

- **आज शाम 7 .30 बजे से गिल और कोहली की टीमों के बीच टक्कर**

लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर सीधे फाइनल में जगह बनानी है तो उसे आईपीएल के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को गुजरात टाइटंस के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करना होगा। दोनों टीमों ने 14 मैचों में 18 अंक के साथ लीग चरण के अपने अभियान का समापन किया, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण आरसीबी शीर्ष स्थान पर रहा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स निस्संदेह आईपीएल 2026 की दो सबसे संपूर्ण टीमें रही हैं,हालांकि प्लेऑफ तक पहुंचने के लिए उन्होंने अलग-अलग रास्ते अपनाए हैं। रजत पाटीदार के नेतृत्व में आरसीबी ने आक्रामक बल्लेबाजी और पिछली प्रतियोगिताओं की तुलना में कहीं अधिक भरोसेमंद गेंदबाजी इकाई के दम पर अपना अभियान आगे बढ़ाया।मौजूदा चैंपियन टीम ने इस सत्र में लगातार 200 रन का आंकड़ा पार किया। आरसीबी को बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम में दिग्गज विराट कोहली के अनुभव और गेंदबाजी में जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार के शानदार प्रदर्शन से काफी फायदा हुआ।

# महिला हॉकी : आस्ट्रेलिया के खिलाफ आज से सीरीज

एजेंसी ⏭ पर्थ



भारतीय महिला हॉकी टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही 4 मैचों की श्रृंखला के जरिए एफआईएच नेशंस कप की मजबूत तैयारी करने का प्रयास करेगी।सलीमा टेटे की कप्तानी वाली टीम का लक्ष्य 15 से 21 जून तक आकलैंड में होने वाले नेशंस कप से पहले लय हासिल करने का होगा। अर्जेंटीना में इस साल की शुरुआत में बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम ने दुनिया की दूसरे नंबर की टीम के खिलाफ श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराई थी। पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने दो मैच जीतकर वापसी की थी। भारतीय टीम ने बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर में काफी अभ्यास किया, जिससे खिलाड़ियों को ढांचागत खेल, अपने कौशल को निखारने, पेनल्टी कॉर्नर में विविधता आजमाने और मैच फिटनेस हासिल करने में मदद मिली।

# श्रेयांश सोमैया ने अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स में जीत का सिलसिला जारी रखा

भाषा ⏭ मुंबई

शीर्ष वरीय श्रेयांश सोमैया (1973 रेटिंग अंक) ने सोमवार को यहां मुंबई फिडे रेटेड अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स के चौथे सत्र में निखिल जोशी (1645) पर शानदार जीत के साथ अपना अजेय अभियान जारी रखा। अन्य मुकाबलों में रेयांश वेंकट (1906) ने समर्थ पाटकर (1624) को हराकर शीर्ष खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाए रखी। कुश अजय अग्रवाल (1835) ने सक्षम भारद्वाज (1594) के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इस बीच एजीएम राजवीर पिंकेश नाहर (1801) ने दीपक जाधव आदित्य (1588) को हराकर प्रतियोगिता में अपनी दावेदारी बनाए रखी। जान्हवी सोनेजी (1792) और आशीष जैन त्वेशा (1576) के बीच कड़े मुकाबले में मैच ड्रॉ रहा जबकि मयूरेश पारकर (1781) ने निहाल भोसले (1580) को मात दी। ओम



नीलेश देवरुखकर (1726) ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में सोहम सुदर्शन सहमाते (1540) को हराया जबकि आर्यन सिस्टा (1658) ने प्रियांश (1475) को शिकस्त दी। मान्या बलानी (1653) ने वेद आंब्रे (1453) पर शानदार जीत के साथ सभी को प्रभावित किया। अधवन ओसवाल (1546) ने उलटफेर करते हुए आर्य अमोल बागायतकर (1773) को हराया।

### ग्रैंडमास्टर गुकेश का स्वीकारनामा कहा- मैंने नहीं किया अच्छा प्रदर्शन

**ओस्लो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने किसी तरह का बहाना बनाने से परहेज करते हुए स्वीकार किया कि 2024 का विश्व खिताब जीतने के बाद से उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरुप नहीं रहा और उनके खेल को लेकर पूर्व दिग्गजों की आलोचना जायज थी। गुकेश ने पिछले 18 महीनों में निराशाजनक प्रदर्शन किया है और वह इस साल के आखिर में अपना विश्व किताब बचाए रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह आलोचनाओं को नजरअंदाज करने की कोशिश करते हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ अपने विश्व खिताब का बचाव करने से पहले परिणाम उनके अनुकूल नहीं रहे हैं।

## सिंगापुर ओपन

# खिताबी सूखा खत्म करने उतरेंगे लक्ष्य और सिंधू



एजेंसी ⏭ सिंगापुर

- **आज से शुरू दस लाख डॉलर का ईनामी टूर्नामेंट**

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे दस लाख डॉलर ईनामी राशि के सुपर 750 टूर्नामेंट में लय हासिल करके खिताब का सूखा खत्म करने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य पिछले सप्ताह पहले दौर से बाहर हो गए थे। वह पहले मैच में चीन के लू गुआंग झू से खेलेंगे। महिला एकल में सिंधू पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी से खेलेंगी। थाईलैंड ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची सिंधू विभिन्न टूर्नामेंटों से जल्दी बाहर होती आई है। आयुष शेट्टी कनाडा के विक्टर लाइ से खेलेंगे, जिन्होंने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

### श्रीकांत का सामना विश्व चैंपियन लोह कीन यू से

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत का सामना 2021 विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। वहीं विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता एच एस प्रणय इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से खेलेंगे। पोलिश ओपन विजेता दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति हुड्डा का सामना पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन जापान की तोमोका मियाजाकी से होगा। मालविका बंसोड़ चीनी ताइपै की लिन सियांग ति से खेलेगी।

## लियोनेल ने मैच के बीच में छोड़ा मैदान

# लियोनेल मेस्सी की चोट ने बढ़ाई अर्जेंटीना की टेंशन

एजेंसी ⏭ मियामी

लियोनेल मेस्सी के विश्व कप से पहले चोटिल होने की आशंका बन गई है क्योंकि अर्जेंटीना के इस स्टार फुटबॉलर ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए मैच के बीच में मैदान छोड़ दिया था।

इस तरह से मेस्सी समय से पहले अवकाश पर चले गए और अब मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को यह देखना होगा कि क्या उन्हें कोई चोट लगी है या नहीं। मेस्सी 73वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए। लुई सुआरेज के तीन गोल की मदद से इंटर मियामी ने इस मैच में फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ 6-4 से जीत हासिल की। मेस्सी की किसी भी समस्या के बारे में तत्काल कोई पता नहीं चल पाया है।

### 16 जून को अल्जीरिया से पहला मुकाबला

*अर्जेंटीना विश्व कप के ग्रुप जे में है, जिसमें उसका सामना 16 जून को कंसास सिटी में अल्जीरिया, 22 जून को अर्लिंग्टन, टेक्सास में ऑस्ट्रिया और 27 जून को अर्लिंग्टन में ही जॉर्डन के खिलाफ होगा। अर्जेंटीना अगर आगे बढ़ता है तो मेस्सी को मियामी गार्डंस में भी खेलने का मौका मिल सकता है।*



### पांच विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं मेस्सी

मेस्सी पहले भी कह चुके हैं कि वह पूरी तरह फिट होने पर ही विश्व कप में खेलेंगे। अर्जेंटीना ग्रुप चरण का अपना पहला मैच 16 जून को खेलेगा। मेस्सी पांच विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दो बार गोल्डन बॉल पुरस्कार जीत चुके हैं। उन्होंने यह पुरस्कार पहली बार 2014 में और फिर 2022 में जीता था जब उन्होंने अर्जेंटीना को खिताब दिलाया था। यह पुरस्कार 1982 से ही दिया जा रहा है, लेकिन वह इसे दो बार जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं।

### मेस्सी को जूझना पड़ा हैमस्टिंग की समस्या से

इंटर मियामी के साथ अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान मेस्सी को कम से कम दो बार हैमस्टिंग की समस्या से जूझना पड़ा है।मेस्सी ने मैदान छोड़ने से पहले कम से कम एक बार अपनी बायीं हैमस्टिंग को स्पर्श किया और फिर जब उन्हें सब्स्टीट्यूट किया जा सकता था तो वह इंटर मियामी के बेंच की ओर भी नहीं गए। मेस्सी मैदान को टीम के लॉकर रूम से जोड़ने वाली सुरंग से होते हुए बाहर निकल गए। मेस्सी धीरे-धीरे चल रहे थे और उनके साथ टीम के मेडिकल स्टाफ का कोई भी सदस्य नहीं था।




## आज क्वाड की बैठक से पहले हुई मुलाकात के बड़े मायने

# अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो और एनएसए डोभाल की मुलाकात, चीन पर कसावट की बड़ी तैयारी

*क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से ठीक पहले भारत और अमेरिकी रक्षा सलाहकारों की बैठक हुई है। यह बैठक इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में आपसी तालमेल के लिए तो जरूरी है ही, चीन-पाकिस्तान गठजोड़ तोड़ने के लिए भी अहम है।*

रुबियो-डोभाल की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा

इंडो-पैसिफिक को किसी दबदबे से मुक्त रखने की हुई पहल


रूबियों और डोभाल आत्मीयता से मिले


बैठक के लिए जाते हुए दोनों दिग्गज

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए भारत यात्रा पर आए हैं। यह बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में होने वाली है। इससे पहले रुबियो ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि मार्को रुबियो इस समय अमेरिका के एनएसए की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। मार्को रुबियो और अजीत डोभाल के बीच रविवार को हुई द्विपक्षीय बैठक के बारे में विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि यह चर्चा डिफेंस, सिक्योरिटी और स्ट्रैटजिक टेक्नोलॉजी से जुड़े सहयोग पर आधारित थी, जिसमें ट्रस्ट पहल भी शामिल है। विदेश मंत्रालय के अनुसार आपसी चर्चा के दौरान दोनों एनएसए ने द्विपक्षीय व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता दिए जाने पर जोर दिया। अगर मौजूदा जियोपॉलिटिक्स और क्वाड विदेश मंत्रियों की होने वाली बैठक की संभावनाओं के हिसाब से देखें तो अमेरिका और भारत के बीच यह चर्चा चीन की विस्तारवादी नीतियों पर नजर रखने की एक बड़ी पहल साबित हो सकती है। इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम रीजन को सुरक्षित रखने में भारत और अमेरिका का साझा हित तो जुड़ा ही है, जापान और ऑस्ट्रेलिया का भी हित इसमें शामिल है। चीन जिस तरह से क्षेत्र में अपना दबदबा बढ़ाने की लागातर कोशिशें कर रहा है, उसको लेकर भारत और अमेरिका ही नहीं, क्वाड के अन्य दोनों सदस्य देश जापान और ऑस्ट्रेलिया भी चिंतित हैं। भारत और अमेरिका के बीच इस क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी से हिंद महासागर ही नहीं, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में भी मुक्त, खुला और निर्बाध व्यापार सुनिश्चित हो सकता है।

### दोनों एनएसए के अनुभवों का क्वाड को मिलेगा लाभ

*क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले भारत और अमेरिका के शीर्ष सुरक्षा नेतृत्वों के बीच हुई यह बैठक पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन से मिल रही सुरक्षा चुनौतियों के लिए खास है। इससे क्वाड बैठक से पहले इस मसले पर चारों देशों के सामने आपसी सुरक्षा चर्चा को एक ठोस आधार मिल गया है। क्योंकि, मार्को रुबियो और अजीत डोभाल दोनों ही अपने क्षेत्र के सुरक्षा एक्सपर्ट हैं और इनके अनुभव का लाभ समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सभी क्वाड देशों को मिल सकता है।*

### चीन-पाकिस्तान के नापाक गठजोड़ तोड़ने के लिए जरूरी

*मार्को रुबियो के साथ अजीत डोभाल की हुई द्विपक्षीय मुलाकात से पाकिस्तान को भी मिर्ची लगनी तय है। हाल ही में चीन की ओर से आधिकारिक तौर पर ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को सक्रिय सपोर्ट करने की पोल खुल चुकी है। सीमा-पार मौजूद आतंकी नेटवर्क और उसे संरक्षण देने में चीन-पाकिस्तान के इस गठजोड़ को तोड़ने में अब भारत और अमेरिका के बीच इंटेलिजेंस साझा करने में सहयोग का दायरा बढ़ने की संभावना भी बढ़ गई है।*

### अंतरराष्ट्रीय कानून और खुले समाज पर जोर

*क्वाड के मिशन को साफ करते हुए जयशंकर ने कहा कि यह समूह नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हम सभी बाजार अर्थव्यवस्थाएं और खुले समाज हैं। हम चाहते हैं कि व्यापार और जीवन अंतरराष्ट्रीय कानून और बाजार प्रथाओं के आधार पर चले। इसलिए, विशेष रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में, क्वाड देशों का सहयोग बेहद जरूरी है और दो दिन बाद मंच पर आपको यही एकजुटता देखने को मिलेगी।*

---

अभी न्यूक्लियर मुद्दे से जुड़ी बारीकियों पर कोई बातचीत नहीं हुई

## अंतिम समझौते से पहले खुल सकता है होर्मुज

# समझौते में देरी पर भड़के ईरान ने कहा अमेरिका बार-बार बदल रहा अपना रुख

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

ईरान ने सोमवार को अमेरिका की ओर से शांति वार्ता में हो रहे बदलावों की कड़ी आलोचना की। ईरान ने कहा कि शांति वार्ता जारी होने के बावजूद इस तरह के बदलावों से बातचीत और भी मुश्किलें पैदा करती हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने समझौते में देरी लगने पर अमेरिका की आलोचना भी की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि अभी दोनों पक्ष कई विषयों पर किसी निष्कर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा, यह सही



है कि हम चर्चा के अधिकांश विषयों पर किसी निष्कर्ष पर पहुंच गए हैं, लेकिन यह कहना कि इसका मतलब जल्द ही किसी समझौते पर हस्ताक्षर होना है- ऐसा दावा कोई नहीं कर सकता। अमेरिकी अधिकारियों के रुख में बार-बार होने वाले बदलाव हर बातचीत को जटिल बना देते हैं। ईरान की अर्ध सरकार समाचार एजेंसी आईएसएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, इस्माइल बाघई ने कहा कि अभी चल रही बात मुख्य रूप से युद्ध को समाप्त करने को लेकर हैं और अभी न्यूक्लियर मुद्दे से जुड़ी बारीकियों पर कोई बातचीत नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, बातचीत का मुख्य केंद्र युद्ध को समाप्त करना है, और इस चरण पर, हम परमाणु मुद्दे की बारीकियों पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। इससे पहले सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौता कराने पर बात हो रही है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोई बुरा समझौता नहीं करेंगे। ईरान से जुड़े सवाल पूछे जाने पर मार्को रूबियो ने कहा, हम अभी भी इस पर काम कर रहे हैं।

---

## बांग्लादेश में ट्रक पलटने से 15 की मौत, 10 घायल



**ढाका।** मध्य बांग्लादेश के तंगेल जिले में सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, लोहे की छड़ों और यात्रियों से भरी एक लॉरी (ट्रक) जमुना पुल के पूर्वी हिस्से में अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा ईद-अल-अजहा की छुट्टियों के दौरान हुआ, जब लोग त्योहार मनाने अपने पैतृक घर जा रहे थे। सभी घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। फिलहाल मृतकों की पहचान की कोशिशें जारी हैं।

---

## गोलियों की तड़तड़ाहट से सहमे लोग

# राजौरी के जंगलों में गुरिल्ला वार... छिप-छिपकर गांव बदल रहे आतंकी

***सुरक्षाबलों ने 2 से 3 आतंकियों को पूरी तरह से घेर लिया***


फाइल फोटो

**एजेंसी ▶▶ जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का बड़ा ऑपरेशन चल रहा है, लेकिन घने जंगलों और पहाड़ों का फायदा उठाकर आतंकी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे हैं। पिछले तीन दिनों के भीतर आतंकियों ने सेना को छकाने के लिए एक बार फिर अपना ठिकाना (इलाका) बदल लिया है। सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, आतंकी गम्भीर गली के रास्ते मंजकोट इलाके में दाखिल हुए और फिर घने जंगलों का सहारा लेते हुए 'थ अड्डा' क्षेत्र की तरफ बढ़ गए हैं। आतंकियों द्वारा लगातार गांव और ठिकाने बदलने की इस रणनीति ने सुरक्षाबलों के लिए चुनौतियां काफी बढ़ा दी हैं। इस बीच सेना और स्थानीय पुलिस ने पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर लिया है और दोनों ओर से रह-रह कर ताबड़तोड़ गोलीबारी हो रही है।

---

## हवा में नेविगेशन सिस्टम फेल

# पुतिन के इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर से अंधा हुआ ब्रिटिश रक्षा मंत्री का विमान

**एजेंसी/लंदन।** रूस और ब्रिटेन के बीच जारी कूटनीतिक तनाव के बीच एक बेहद गंभीर घटना सामने आई है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस ने ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली के विमान का नेविगेशन सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर के जरिए जाम कर दिया। यह घटना उस समय घटी जब ब्रिटिश रक्षा मंत्री एस्टोनिया में तैनात नाटो सैनिकों से मुलाकात कर स्वदेश लौट रहे थे। रूसी सीमा के निकट उड़ान भरते समय अचानक विमान का



सैटेलाइट सिग्नल और इंटरनेट नेटवर्क पूरी तरह ठप हो गया। रूस की इस इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के कारण विमान का जीपीएस सिस्टम लगभग तीन घंटों तक अंधा रहा, जिससे आसमान में ही हड़कंप मच गया। आपातकालीन स्थिति को संभालते हुए पायलटों को तुरंत वैकल्पिक बैकअप नेविगेशन सिस्टम का सहारा लेना पड़ा, जिसके बाद विमान सुरक्षित रूप से लैंड हो सका। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियां अभी इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या रूसी सेना ने सीधे तौर पर ब्रिटिश रक्षा मंत्री के विमान को निशाना बनाया था, या फिर यह रूस की किसी व्यापक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध गतिविधि का हिस्सा था।

---

## इंदौर हनीट्रैप केस में बड़ी कार्रवाई

# श्वेता और रेशू चौधरी समेत सात आरोपी जेल भेजे गए

***केस में एटीएस की भी एंट्री, खंगाल रही है रेशू चौधरी का मोबाइल डेटा***

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर**

चर्चित हनीट्रैप मामले में क्राइम ब्रांच की विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सोमवार को रिमांड खत्म होने पर सभी सात आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जेल भेजे गए आरोपियों में श्वेता विजय जैन, अल्का दीक्षित, जयदीप दीक्षित, रेशु चौधरी, लाखन चौधरी, जितेंद्र पुरोहित (पत्रकार) और प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा शामिल हैं। यह पूरी कार्रवाई शराब कारोबारी चिंटू ठाकुर की शिकायत पर दर्ज मामले के तहत की गई है।


रेशू चौधरी और श्वेता जैन

### मोबाइल डेटा रिकवरी की जा रही

एसआईटी की कार्रवाई से पहले ही एटीएस की टीम ने आरोपी रेशू चौधरी के मकरोनिया (सागर) स्थित घर पर दबिश देकर वह मुख्य मोबाइल फोन जब्त कर लिया है, जिससे आपत्तिजनक तस्वीरें फॉरवर्ड की गई थीं। साइबर एक्सपर्ट्स अबइस मोबाइल से डिलीट और फॉरवर्ड किए गए डेटा को रिकवर करने में जुटे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये तस्वीरें किन-किन लोगों को भेजी गई थीं।

---

## 6 हजार डॉलर देने होंगे जुर्माने में

# अवैध प्रवासियों को शरण देने में भारतीय पर आरोप तय



**एजेंसी/सिंगापुर।** सिंगापुर में आव्रजन कानूनों का उल्लंघन करने वाले 13 भारतीय नागरिकों को अवैध रूप से अपने फ्लैट में शरण देने और रोजगार मुहैया कराने के मामले में एक 26 वर्षीय भारतीय नागरिक कनोजिया रिकेन के खिलाफ अदालत में आरोप तय किए गए हैं। आव्रजन एवं जांच चौकी प्राधिकरण (आईसीए) द्वारा जारी बयान के अनुसार, रिकेन ने बिना वैध दस्तावेजों की जांच किए इन लोगों को दिसंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच अपने फ्लैट में ठहराया था। गत 3 मार्च को मारें गए छापे में पकड़े गए इन सभी 13 प्रवासियों (11 पुरुष और 2 महिलाएं) के यात्रा पास की अवधि समाप्त हो चुकी थी। इसी मामले में लापरवाही बरतने और अवैध रूप से काम पर रखने के आरोप में दो स्थानीय सिंगापुरी नागरिकों-चीनी मूल के सोंग यी दा (37) और भारतीय मूल की सुबा प्रियदर्शिनी पर भी कानूनी कार्रवाई की गई है। सोंग पर बिना वर्क परमिट के एक भारतीय नागरिक राजप्पा राजू (39) को काम पर रखने का आरोप है।

---

## स्वीडन में चुनावी मुद्दा बन गई घटती जनसंख्या

# दुनिया में सबसे ज्यादा खुशहाल देश का अजीब चुनावी वादा, तुम हमें वोट दो, हम तुम्हें बच्चे देंगे

अगर सत्तारूढ़ पार्टी की सरकार फिर आई, तो वे कपल्स को बच्चा पैदा करने के लिए मदद देंगे

हाल ही में स्वीडन के इलेक्शन कैंपेन से जुड़ी खबर डराती भी है और चौंकाती भी है

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत में जनसंख्या बढ़ना समस्या है और परिवार नियोजन एक बड़ी डिबेट बनी हुई है। ये उपाय ढूंढे जा रहे हैं कि कैसे जनसंख्या को कम किया जाए। हालांकि चुनावी मुद्दे अब भी ये विषय शामिल नहीं है लेकिन एक ऐसा भी देश है, जहां चुनाव में लोगों से वादे किए जा रहे हैं कि अगर उनकी सरकार आई, तो लोगों के परिवार बढ़ाकर ही मानेंगे। जब तक उनके घर में किलकारी नहीं गूंजती, इस प्रयास का सारा खर्चा सरकार उठाएगी। आप सोच रहे होंगे कि


चुनावी प्रचार

भला ऐसा कौन करता है, तो आपको बता दें कि दुनिया के सबसे खुशहाल देश में ये चुनावी वादे हो रहे हैं। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों में शामिल स्वीडन इस समय एक बड़ी समस्या से जूझ रहा है। देश में लगातार गिरती जन्मदर ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टेर्सन ने आने वाले आम चुनाव में मुद्दा सड़क, बिजली, पानी या भत्ते नहीं हैं बल्कि आईवीएफ यानी इन विट्रो फर्टिलाइजेशन बना हुआ है। स्वीडन सरकार ने हाल ही में पहली बार माता-पिता बनने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए सरकारी सहायता बढ़ाने का फैसला लिया है। पहले सरकार आईवीएफ के तीन प्रयासों का खर्च उठाती थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 6 कर दिया गया है। प्रधानमंत्री क्रिस्टर्सन ने कहा है कि अगर उनकी मॉडरेट पार्टी सितंबर में होने वाले चुनाव में फिर सत्ता में आती है।

### घटती जन्मदर की बड़ी समस्या

*ब्रिटिश अखबार द गार्डियन के मुताबिक प्रधानमंत्री क्रिस्टर्सन ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि कुछ लोग बच्चे नहीं चाहते हों, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि बहुत से लोग ऐसे हैं जो बच्चे चाहते हैं, लेकिन किसी कारण से माता-पिता नहीं बन पा रहे हैं। ऐसे में नए नियमों के तहत पहले बच्चे के लिए छह बार मुफ्त आईवीएफ सुविधा मिलेगी. हालांकि अभी अतिरिक्त बच्चों के लिए यह सुविधा लागू नहीं हुई है। स्वीडन में एक बार आईवीएफ कराने की लागत लगभग 50 हजार स्वीडिश क्रोनर होती है। क्रिस्टर्सन ने कहा कि कई परिवार एक बच्चे के बाद दूसरे बच्चे की भी इच्छा रखते हैं, ताकि उनके बच्चे का भाई या बहन हो सके। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि सरकार यह तय नहीं करना चाहती कि किसी परिवार में कितने बच्चे होने चाहिए, क्योंकि यह पूरी तरह निजी फैसला है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28